दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 03 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 315 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## इसरो ने लॉन्च किया सबसे भारी 'बाहुबली' रॉकेट GSAT-7




**नई दिल्ली।** इसरो ने 2 नवंबर को शाम 5:26 बजे बाहुबली रॉकेट से 4400 किलो का सैटेलाइट लॉन्च किया। ये भारतीय जमीन से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट है। ये नौसेना की कम्युनिकेशन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

GTO (29,970 km x 170km) एक अंडाकार ऑर्बिट है। रॉकेट ने इस ऑर्बिट में सैटेलाइट छोड़ दिया है। अब 3-4 दिन बाद सैटेलाइट इंजन फायर होगा और ये ऑर्बिट को सर्कुलर कर लेगा। इसे जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (GEO) कहते हैं। इसमें सैटेलाइट 24 घंटे कवरेज दे सकता है।

इससे पहले ISRO ने चंद्रयान-3 मिशन में 3900 KG पेलोड GTO में भेजा था। GTO में भेजा गया दुनिया का सबसे भारी सैटेलाइट इकोस्टार 24 (जुपिटर 3) है। इसका वजन लॉन्च के समय करीब 9,000 किलो था। इसे स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया था।

विदेशी धरती से 5,854 किलो का सैटेलाइट लॉन्च कर चुका इसरो

इसरो आमतौर पर भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को फ्रेंच गयाना में यूरोपीय स्पेसपोर्ट से लॉन्च करता है। ये पहली बार है जब ये भारतीय मिट्टी से 4.4 टन का सैटेलाइट लॉन्च करेगा।

इसरो ने पहले 5 दिसंबर 2018 को एरियन-5 रॉकेट की मदद से फ्रेंच गयाना से GSAT-11 लॉन्च किया था, जो 5,854 किलो का था। ये इसरो का अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है।




### दुबई बिजनेस कॉन्क्लेव 2025 में भारत-यूएई साझेदारी पर सार्थक विमर्श

## नीरज सिंह ने रखा 'नए भारत' का विजन

### कहा, उत्तर प्रदेश आज भारत का उभरता हुआ ग्रोथ इंजन









**दुबई, करंट क्राइम।** लायंस इंटरनेशनल, रीजन 14, डिस्ट्रिक्ट 318बी के तत्वावधान में आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव 2025 - प्री-कॉन्क्लेव नेटवर्किंग इवनिंग में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापारिक साझेदारी और निवेश के नए अवसरों पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम में एफआईसीसीआई उत्तर प्रदेश यंग लीडर्स फोरम के चेयरमैन नीरज सिंह मुख्य अतिथि एवं गेस्ट स्पीकर के रूप में उपस्थित रहे।

अपने प्रेरक संबोधन में नीरज सिंह ने कहा– उत्तर प्रदेश आज भारत का उभरता हुआ ग्रोथ इंजन है, और इंडो-गल्फ साझेदारी में निर्णायक भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच औद्योगिक, तकनीकी और कौशल-विकास आधारित सहयोग दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। कार्यक्रम में Coral Perfumes, Kezema Group और Trilogy Fab जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भारत–विशेषकर उत्तर प्रदेश–में निवेश और रोजगार विस्तार की योजनाएँ साझा कीं। Trilogy Fab ने घोषणा की कि वह आगामी महीनों में 200 से अधिक तकनीशियनों की भर्ती उत्तर प्रदेश के रोजगार मेलों के माध्यम से करेगी।

नीरज सिंह ने इस कॉन्क्लेव को भारत-यूएई संबंधों को नई दिशा देने वाला सार्थक मंच बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल आर्थिक साझेदारी को मजबूत करते हैं, बल्कि सांस्कृतिक और उद्यमशील सहयोग को भी गति देते हैं।

कार्यक्रम में यूएई के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक और भारतीय प्रवासी व्यवसायिक समुदाय के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद का दम घोंट रही फैक्ट्रियां

## बैन के बावजूद जल रही लकड़ियां

### एक्यूआई खतरनाक स्तर पर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच में खुली पोल





### अब नगर निगम उतरा मैदान में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांस लेना अब गाजियाबाद में किसी चुनौती से कम नहीं। शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार खतरनाक स्तर पर चल रहा है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इस हालात के बीच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (UPPCB) की टीम ने 2 नवंबर को जिले के प्रदूषणकारी उद्योगों का निरीक्षण किया – और चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

टीम ने पाया कि लोनिविस्तार के आर्य नगर और रूप नगर औद्योगिक क्षेत्रों की कई इकाइयां प्रतिबंधित ईंधन यानी लकड़ी का इस्तेमाल बॉयलर में कर रही थीं। इनमें प्रमुख नाम मेसर्स मलिक वाशिंग, शहनवाज वाशिंग वर्क्स, नेशनल ड्रायर वर्क्स, एन.के. वाशिंग, एस.एम. स्टार इंटरप्राइजेज, वर्षिका डाइंग, एप्सन इंटरप्राइजेज, हीरा प्रिंट्स, फाइन वाश, और बालाजी इंडस्ट्रीज के हैं।

इन सभी इकाइयों के खिलाफ वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 31ए के तहत कार्यवाही की संस्तुति बोर्ड मुख्यालय, लखनऊ को भेजी गई है।

#### प्रशासन हरकत में: स्मॉग गन और स्प्रिंकलर तैनात





करंट क्राइम। गंभीर वायु प्रदूषण को देखते हुए नगर निगम गाजियाबाद और विकास प्राधिकरण ने एहतियाती कदम उठाए हैं। शहर के प्रमुख चौराहों, औद्योगिक इलाकों और प्रदूषण हॉटस्पॉट्स पर धूल दमन (डस्ट सप्रेशन) के लिए पानी का छिड़काव किया जा रहा है। फिलहाल नगर निगम गाजियाबाद के पास 18 एंटी स्मॉग गन, 13 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन और 42 वाटर स्प्रिंकलर सक्रिय हैं। वहीं, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पास 4 एंटी स्मॉग गन और 6 वाटर स्प्रिंकलर हैं, जबकि नगर पालिका परिषद लोनी में 2 एंटी स्मॉग गन, 2 रोड स्वीपिंग मशीनें, और 9 वाटर स्प्रिंकलर धूल कम करने में लगे हैं।

## गाजियाबाद का एक्यूआई पहुंचा 351

## वायु गुणवत्ता बेहद गंभीर श्रेणी में

### दिल्ली-एनसीआर में नहीं थम रहा प्रदूषण, बारिश से ही मिलेगी राहत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में दीपावली के बाद से वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। छठ पूजा के बाद प्रदूषण और बढ़ा है। रविवार को तेज हवा चलने के बावजूद शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स एक्यूआई 351 दर्ज किया गया, जो बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं दिल्ली में एक्यूआई 360 और नोएडा में 340 रिकॉर्ड किया गया। लगातार बढ़ते प्रदूषण का असर बच्चों, बुजुर्गों और सड़क पर ज्यादा समय बिताने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

#### विशेषज्ञ बोले — बारिश के बिना नहीं मिलेगा राहत

करंट क्राइम : प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, तेज बारिश होने तक वायु गुणवत्ता में सुधार की संभावना बेहद कम है। उन्होंने बताया कि वायुमंडल में जहरीली गैसों का चेंबर बन चुका है, जो लोगों के जनजीवन को प्रभावित कर रहा है।

#### ग्रेप नियमों का पालन सख्ती से हो

करंट क्राइम : दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप का दूसरा चरण लागू है। इसके तहत धूल नियंत्रण, खुले में निर्माण सामग्री रखने और कोयला जलाने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद जगह-जगह खुले में निर्माण सामग्री देखी जा रही है, सड़क पर धूल उड़ रही है और संबंधित विभाग नियमों की सख्ती से पालन नहीं करा पा रहे हैं। नतीजतन लोगों को जहरीली हवा में सांस लेना पड़ रहा है।

### प्रेम संबंध की रंजिश में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** गाजियाबाद में पिछले दो दिनों के दौरान अलग-अलग थानों में दो हत्या की वारदातें सामने आईं। दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ताजा मामला सिहानी गेट थानाक्षेत्र का है। जहां शनिवार देर रात एक युवक ने अपनी प्रेमिका के भाई पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी का मृतक की बहन से प्रेम-प्रसंग था। मृतक इस संबंध का विरोध करता था और इसी को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद हो चुका था। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि सिहानी गेट निवासी पीयूष उर्फ नितिन शनिवार की देर रात बाजार में गया था। पीयूष की नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले सुनील यादव से कहासुनी हो गई।

आरोप है कि सुनील यादव ने चाकू से प्रहार कर पीयूष को गंभीर रूप

शेष, पृष्ठ 8

## भाजपा के एसआईआर अभियान से बढ़ गया शहर विधायक संजीव शर्मा का कद

### संगठन ने माना उनकी क्षमता का लोहा और दिया है प्रदेश सह प्रभारी का पद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में जनप्रतिनिधि होना एक अलग बात है और अपनी संगठन क्षमता से शीर्ष नेतृत्व को प्रभावित करना अलग बात है। शहर विधायक संजीव शर्मा एक ऐसे अध्यक्ष रहे हैं जिन्होंने लगातार कई सफल कार्यक्रम अपने नेतृत्व में कराये हैं। ये उनका पुराना ट्रैक रिकॉर्ड है कि जिसका जलवा लखनऊ में बोल रहा है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में शुरू हो रहे अपने महत्वाकांशी प्रोजेक्ट एसआईआर का प्रदेश सह प्रभारी गाजियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा को बनाया है। इस निर्णय के बाद से जहां शहर विधायक संजीव शर्मा का कद बढ़ा है वहीं गाजियाबाद के भाजपाईयों के लिए भी ये गर्व का विषय है कि उनके विधायक को ये बड़ी जिम्मेदारी दी गयी।

दरअसल संजीव शर्मा भले ही पहली बार के विधायक हैं लेकिन वो लगातार दो बार महानगर अध्यक्ष रहे हैं। दूसरी बार जब वो अध्यक्ष बनाये गये तो उसकी खास बात ये थी कि पूरे उत्तर प्रदेश में केवल दो अध्यक्ष थे जिन्हें डबल पारी खेलने का मौका मिला था और उनमें एक चेहरा संजीव शर्मा का था। संजीव शर्मा अध्यक्ष के रूप में कितने सफल रहे हैं इसकी सबसे बड़ी बानगी ये है कि उन्हें लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उनके जन्मदिन पर अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब दिया। संजीव शर्मा भाजपा के एक ऐसे महानगर कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में उनकी टीम ने कई सफल कार्यक्रम अपने नाम किये। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री का रोड-शो अध्यक्ष के रूप में संजीव शर्मा के कार्यकाल में हुआ। संगठन के कई छोटे बड़े कार्यक्रम और आयाम सफल रहे। निगम चुनाव में भाजपा ने एतिहासिक जीत इन्हीं के कार्यकाल में दर्ज की। वो संगठन के मास्टर हैं और इन गुणों की गूंज लखनऊ तक भी पहुंची है। भाजपा ने जब लखनऊ में प्रदेश स्तर पर बैठक की तो ये बैठक एसआईआर अभियान यानी मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से थी। पार्टी अभियान को लेकर अपनी टीम बना रही है। इस अभियान के तहत भाजपा वोटर लिस्ट से निष्क्रिय वोट हटायेगी और जो पात्र मतदाता हैं उनके नाम जुड़वायेगी। जिस मंत्र पर लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मौजूद थे। जिस मंच पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद थे, उस मंच पर गाजियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा भी थे। बैठक में सभी जिलों के अध्यक्ष और प्रभारी बुलाये गये थे। बैठक में पूरा फोकस एसआईआर अभियान पर था। संजीव शर्मा का कद यहां उस समय बढ़ता दिखाई दिया जब वो मंच पर प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री के साथ थे। और उनके सामने कुर्सियों पर भाजपा के कई पदाधिकारी और कई प्रमुख चेहरे विराजमान थे। एक बड़ी कामयाबी ये मानी जा सकती है क्योंकि संजीव शर्मा को इस अभियान के लिए प्रदेश सह प्रभारी के तौर पर चुना गया है। राजनीतिक रूप से शीर्ष नेताओं के साथ पार्टी की रणनीति से जुड़े बड़े कार्यक्रम के सह प्रभारी का दायित्व मिलना बड़ी बात है। निश्चित रूप से यह एक कद बढ़ाने वाला कदम है और शहर विधायक संजीव शर्मा के समर्थकों में उत्साह नजर आ रहा है।

## आज आ सकती है महिला पार्षद मामले में कार की फोरेंसिक रिपोर्ट

### अभी तक पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंची






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों को निवाड़ी फॉरेंसिक की रिपोर्ट मिल सकती है, अगर रिपोर्ट मिलती है तो यह स्पष्ट हो जाएगा की पार्षद शीतल चौधरी की कार में हमला कैसे हुआ था। फिलहाल पुलिस के अधिकारियों को अब तक की जांच में सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर कोई महत्वपूर्ण सुराग नहीं लगा है। बता दें की बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-09 से पार्षद शीतल चौधरी की कार पर उस वक्त हमला हुआ था, जब वह अपनी क्रेटा कार से कमला नेहरू नगर रईसपुर मार्ग से सेक्टर-23 बहन के घर जा रही थीं। घटना के बाद जहां डीसीपी सिटी जांच के लिए पहुंचे थे। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी सहित बड़ी संख्या में पार्षद भी पक्ष में पहुंचे थे।

#### पांच दिन बाद भी पुलिस की जांच जारी

करंट क्राइम : इस मामले में एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, अभी फॉरेंसिक रिपोर्ट आने का वेट हो रहा है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के जरिए अभी तक कोई ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे किसी की निशानदेही हो सके।

## हम सब हैं एकजुट और मजबूत है हमारी छतरी

## सांसद अतुल गर्ग ने कहा सुनील शर्मा हमारे सीनियर और सुनील बोले अतुल गर्ग हैं हमारी छतरी




गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीतिक छतरी को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और कैबिनेट मंत्री के बीच लखनवी अंदाज में पहले आप पहले आप वाला सीन चल रहा है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में ये कहा था कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में ही हम काम करते हैं। राजनीतिक मुद्दों को लेकर राय मशवरे की बात कर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये कहा था कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमारी छतरी हैं और हम सब उनके नेतृत्व में काम करते हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने छतरी के सवाल को सियासी अंदाज में घुमाया और कहा कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उम्र में मुझसे जूनियर हैं लेकिन वो सीनियर विधायक हैं। उनकी सबसे खास बात ये है कि वो अपने सीनियर को और अपने बड़ों को सम्मान देते हैं। वो सीनियर विधायक हैं और राजनीति में भी हमारे सीनियर हैं। उनका हम सम्मान करते हैं। जो कुछ उन्होंने कहा उसके लिए उनका धन्यवाद करता हूं। वो कैबिनेट मंत्री हैं और पॉलिटिकल कैरियर में सीनियर हैं।

वहीं जब करंट क्राइम ने छतरी वाले सवाल को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि यह बात बिल्कुल सही है कि मैं पॉलिटिकल कैरियर में सीनियर हूं। लेकिन सुनील शर्मा ने फिर दोहराया कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमारी छतरी हैं। सुनील शर्मा ने स्पष्ट किया कि किसी भी क्षेत्र में उस लोकसभा के सांसद अपने क्षेत्र के विधायकों की छतरी होते हैं। लिहाजा हमारे सांसद अतुल गर्ग भी हम विधायकों की छतरी हैं।

# दुलारचंद हत्याकांड : चुनाव से पहले बिहार में बवाल!

## जेडी(यू) प्रत्याशी अनंत सिंह को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

### दुलारचंद के पौत्र ने कहा- अभी न्याय नहीं मिला है



**पटना।** मोकामा विधानसभा में जनसुराज के प्रत्याशी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जनता दल यूनाईटेड के प्रत्याशी अनंत सिंह की गिरफ्तार कर पटना में रखा गया है। रविवार सुबह से दोपहर 12 बजे तक पटना एसएसपी ऑफिस के रंगदारी सेल में उनसे पूछताछ चली। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें सेल में रखा गया है। यहां से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पटना पुलिस उन्हें रिमांड पर नहीं लेगी। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब पटना पुलिस कोर्ट से सीधे उन्हें बेऊर जेल ले जाएगी। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोकामा मर्डर केस पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के लिए न कोई पक्ष है और न कोई विपक्ष। चुनाव आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि हिंसा की कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इधर, डीजीपी विनय कुमार ने कहा, एसएसपी पटना ने प्रेस ब्रीफिंग में स्पष्ट किया है कि गिरफ्तारियां कैसे की गईं। यह पूरी तरह जांच का विषय है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किसकी क्या मंशा थी। इस घटना में दुलारचंद यादव की मौत हुई थी। वहां दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी। दोनों पक्षों के वाहन सवार समर्थकों के बीच टकराव हुआ और पथराव भी किया गया। इन सभी घटनाओं के संबंध में मामले दर्ज किए गए हैं, और अब तक 80 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें यह हत्या मामला भी शामिल है। जो लोग इन घटनाओं में शामिल पाए जा रहे हैं, उन्हें सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया जा रहा है। अभी तक हथियार बरामद नहीं हुआ है। उसे बरामद करने के प्रयास जारी हैं। सबसे पहले यह स्थापित किया जा रहा है कि गोली किसने चलाई। हथियार बरामद होने के बाद फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी।

**'मुझे और मेरे परिवार को न्याय दिलाया जाए' :** दुलारचंद यादव हत्याकांड में अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर दुलारचंद यादव के पौत्र नीरज यादव ने कहा कि अनंत सिंह की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन बाकी चार आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। अनंत सिंह सरदार हैं और उनके चार चेला आजाद हैं। वे मेरी जान के लिए खतरा बने हुए हैं।इस मामले के पीछे साज़िश है और इसमें कई लोग शामिल हैं। मेरी मांग है कि बाकी चारों आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। मैं चाहता हूं कि अनंत सिंह को फांसी की सजा दी जाए। मुझे लगता है कि इस मामले में सरकार की भी भूमिका है। सिर्फ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि बाकी चार लोगों की गिरफ्तारी छह नवंबर के बाद की जाएगी। मैं सभी से निवेदन करता हूं कि मुझे और मेरे परिवार को न्याय दिलाया जाए। मेरा फिलहाल कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है, मैं सिर्फ न्याय चाहता हूं।

### बड़ी बात : पुलिस को अब तक हथियार बरामद नहीं हुआ है

इधर, अनंत सिंह राजद नेता तेजस्वी यादव और उनके बड़े भाई व जन शक्ति जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव ने कहा कि यह गिरफ्तारी तो होनी ही थी। तेज प्रताप ने कहा कि जिस व्यक्ति पर आपराधिक मामले दर्ज हों, उसकी गिरफ्तारी तो निश्चित रूप से होगी ही। वहीं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार की कानून व्यवस्था सबके लिए समान है। दोषियों पर कार्रवाई हो रही है और पुलिस प्रशासन अपना काम सही ढंग से कर रहा है।

## बिहार चुनाव: महागठबंधन का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा, आरा में बोले पीएम मोदी

### पीएम मोदी बोले- आरजेडी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख सीएम पद का एलान कराया




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में देश की सेना की इतनी बड़ी सफलता कांग्रेस और राजद को पसंद नहीं आई। धमाके पाकिस्तान में हो रहे थे और नींद कांग्रेस के शाही परिवार की उड़ी हुई थी। आज तक कांग्रेस और राजद के नामदार ऑपरेशन सिंदूर के सदमे से बाहर नहीं निकल पाए। आज विकसित बिहार के संकल्प के साथ पूरा एनडीए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा- कांग्रेस और राजद के अंदर घमासन मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो। लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई।

**पीएम का सवाल- राजद वालों ने कांग्रेस से कुछ भी पूछा? :** पीएम मोदी ने आगे कहा- राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया। न घोषणा पत्र में कांग्रेस की सुनी गई और प्रचार तक में पूछा गया। राजद वालों ने कांग्रेस की कुछ भी नहीं सुनी। चुनाव के बाद यह लोग एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। इसलिए हमेशा याद रखिए ऐसे लोग बिहार का भला कभी नहीं कर सकते हैं। एक तरफ सुशासन है। वहीं दूसरी तरफ जंगलराज का कुशासन। जंगलराज ने बिहार को खोखला कर दिया।

## दिल्ली की हवा फिर 'बहुत खराब'

### प्रदूषण ने तोड़ा रिकॉर्ड, कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा की गुणवत्ता रविवार को फिर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह-सुबह कोहरे और कम हवा की गति के कारण प्रदूषकों का फैलाव नहीं हो पाया, जिससे राजधानी के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' स्तर को पार कर गया। वहीं, दिल्ली के वजीरपुर में 432 तो आरके पुरम में 425 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का एक्यूआई 377 दर्ज किया गया, जो शनिवार के 233 और शुक्रवार के 218 से काफी ज्यादा है। उत्तरी दिल्ली के वजीरपुर और दक्षिण दिल्ली के आरके पुरम सबसे प्रदूषित इलाके रहे, जहां एक्यूआई क्रमशः 432 और 425 दर्ज किया गया।

**इन जगहों पर 400 के पार पहुंचा एक्यूआई :** समीर ऐप के अनुसार, बुराड़ी (412), बवाना (413), द्वारका सेक्टर-8 (407), जहांगीरपुरी (402), मुंडका (404), नेहरू नगर (403), पंजाबी बाग (403), पूसा (404), चांदनी चौक (414), रोहिणी (415), सिरी फोर्ट (403) और विवेक विहार (407) जैसे कई इलाकों का भी एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। केवल तीन इलाकों एनसीआईटी द्वारका (254), आईएचबीएएस, दिलशाद गार्डन (270) और दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (292) में 'खराब' हवा की गुणवत्ता दर्ज की गई। सीपीसीबी के अनुसार, 0 से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401-500 गंभीर माना जाता है।



### प्रदूषण पर आमने-सामने भाजपा और आप

नई दिल्ली। आप ने भाजपा सरकार पर प्रदूषण के आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि भाजपा की चार इंजन वाली सरकार प्रदूषण के वास्तविक आंकड़े छिपाकर जनता को गुमराह कर रही है। दिल्ली वालों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भारद्वाज ने जहांगीरपुरी एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन के पास पानी का छिड़काव करते एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर कहा कि यह कदम प्रदूषण के स्तर को कृत्रिम रूप से कम दिखाने के लिए उठाया जा रहा है। पूरी दिल्ली में कहीं सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है। सारी मशीनें एक्यूआई स्टेशनों पर लगा दी गई हैं ताकि आंकड़े कम दर्ज हों। भाजपा सरकार के निर्देश पर यह काम सिर्फ एक्यूआई के रीडिंग को कम दिखाने के लिए किया जा रहा है, जबकि शहर के अन्य इलाकों में प्रदूषण नियंत्रण के कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। पहले आईआईटी परिसर के गेट पर लगा एक्यूआई मीटर बंद कर दिया गया है। अब जहांगीरपुरी स्टेशन पर ही कृत्रिम तरीके से आंकड़े सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

## अलवर में दर्दनाक सड़क हादसा

### एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत




**अलवर :** सदर थाना क्षेत्र के छठी मील के पास शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। घटना में एक परिवार के पांच सदस्य बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी थार गाड़ी ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और परिवार के दो लोगों को उपचार के लिए अलवर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने के कारण दोनों को जयपुर रेफर कर दिया गया।

बाद में परिवार के दोनों गंभीर घायल सदस्यों को जयपुर के लिए रवाना किया गया, जिसमें एक महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। इस कारण महिला के शव को रास्ते से ही वापस जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हादसे की सूचना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया। घटना की सूचना मिलते ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी पीड़ित परिवार को सांत्वना देने अलवर के जिला अस्पताल पहुंचे। सदर थाना के एएसआई बंसीलाल ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत छठी मील के पास कार व बाइक की टक्कर की सूचना मिली। इस सूचना पर वे पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि नांगल खेड़ा गांव के एक ही परिवार पांच लोग बाइक पर सवार होकर अपने गांव की ओर जा रहे थे, इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आई थार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अलवर के जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, वहीं दो लोगों को हालत गंभीर होने के कारण जयपुर रेफर किया गया। इनमें से एक महिला की जयपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मौके से पुलिस ने थार गाड़ी व बाइक को जब्त कर लिया गया है, वहीं थार गाड़ी का चालक अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

**पीछे से तेज रफ्तार से आई थार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी**

मृतकों की पहचान : सदर थाना के एएसआई बंसीलाल ने बताया कि घटना में नांगल खेड़ा निवासी महेंद्र (35), पत्नी गुड्डी (33), भतीजी पायल (8) और बेटा पूर्वांश (3) की मौत हो गई।

## हिमाचल प्रदेश: खाई में गिरी टेंपो ट्रैवलर, 29 लोग घायल



**कुमारसैन (रामपुर बुशहर) :** नारकंडा के पास शनिवार रात एक टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गई। ट्रैवलर में 32 लोग सवार थे। हादसे में 29 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 17 को आईजीएमसी रेफर कर दिया है।

अन्य का उपचार कुमारसैन अस्पताल में चल रहा है। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। ट्रैवलर में सवार लोग रिकांगपिओ से नेपाल जा रहे थे। कुमारसैन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रैवलर चालक राजकुमार मामला दर्ज किया गया। बीएमओ कुमारसेन अंकुश ठाकुर ने बताया कि कुल 32 घायल अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने आरोपी चालक के खून और पेशाब के सैंपल लिए हैं, ताकि पता चल सके कि चालक नशे में तो नहीं था। उधर, डीसी शिमला अनुपम कश्यप ने आईजीएमसी पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

### 'राजनीतिक मजबूरियों से ऊपर उठकर एकजुट हों' : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो। आगे उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।



कांग्रेस नेता ने कहा कि इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे।

## अस्पताल में ऑक्सीजन लाइन फटने से हुआ धमाका, मरीजों की हालत बिगड़ी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 66 स्थित निजी अस्पताल में दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अचानक ऑक्सीजन पाइप फटने से अफरा-तफरी मच गई। लाइन फटने से हुई तेज आवाज और धुआं होने से सभी मरीज बाहर की ओर भागने लगे।

वहीं, दूसरी ओर लाइन फटने से गंभीर मरीजों को दी जा रही ऑक्सीजन सप्लाई भी बाधित हो गई, इससे कुछ देर के लिए मरीजों को ऑक्सीजन न मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इस मामले को लेकर मौके पर फेस 3 थाने की पुलिस पहुंची। अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर आइसीयू में भर्ती मरीजों को पास के अस्पताल में एंबुलेंस के सहारे शिफ्ट किया गया। आनन-फानन पांच मरीजों को शिफ्ट किया गया।

इसके बाद अन्य गंभीर मरीजों को भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया।




इतनी देर में सभी मरीजों के परिजनों को भी जानकारी दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार करीब आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों को शिफ्ट किया गया।

आज फायर स्टेशन फेस-3 पर ममूरा स्थित निजी अस्पताल में ब्लास्ट होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि ऑक्सीजन लाइन में लीकेज होने के कारण माइनर ब्लास्ट हुआ था जिस कारण मरीजों को तत्काल एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया था। कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है न ही किसी प्रकार की कोई आगजनी हुई है। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है।

## बत्ती ऑन - टेंशन गॉन : गांव में पहली बार जला बिजली का बल्ब

### हिमाचल प्रदेश के धारा-पोरिए की दास्तान, बच्चों ने तालियां बजाई, बुजुर्गों के छलके आंसू

### 20 से अधिक गांव अब भी अंधेरे में



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले का धारा-पोरिए गांव जहां पहली बार आजादी के बिजली का पहला बल्ब जला। बुजुर्ग चुपचाप खड़े रहे। आंसू छलकते रहे और चेहरे पर ऐसी राहत थी जो शब्दों में नहीं उतर सकती।

सैंज घाटी का दुर्गम गांव धारा-पोरिए। यहां रात का मतलब अब तक सिर्फ अंधेरा था। तीन पीढ़ियां मोमबत्ती, लालटेन और सूरज की रोशनी के सहारे जिंदगी चलाती रहीं। बिजली न होने से पूरा गांव बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की सुरक्षा तक जूझता रहा। लेकिन अब गांव की तस्वीर बदलेगी। आजादी के अब धारा-पोरिए गांव में बिजली का पहला बल्ब जला।

चार परिवारों वाला गांव रोशनी में नहाया तो बच्चों की तालियां दूर तक गूंज उठीं। बुजुर्ग चुपचाप खड़े रहे। आंसू छलकते रहे और चेहरे पर ऐसी राहत थी जो शब्दों में नहीं उतर सकती। गांव तक सड़क आज भी नहीं है।

खड़ी चढ़ाई और पगडंडियों से होते हुए शैंशर से करीब चार किलोमीटर दूर बिजली के दस खंभे ढोकर लगाए गए। गांव में सिर्फ बिजली ही नहीं आई। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट भी पहली बार पहुंचे। युवाओं ने वीडियो कॉल की कोशिश की तो बुजुर्गों ने बस यही कहा अगर यह पहले आता, तो हमारी कई मुश्किलें कम हो जातीं। अब गांव बदलेगा। जिंदगी बदलेगी। बच्चे रात में पढ़ सकेंगे। महिलाएं सुरक्षित तरीके से काम निपटा पाएंगी।



बिना बिजली के हर छोटा-बड़ा काम सूरज की गति पर निर्भर था। अगर कोई काम शाम तक रह जाए, तो अगले दिन का इंतजार करना पड़ता था। रातें सिर्फ अंधेरा, सावधानी और असुविधा लेकर आती थीं। – फूला देवी

देश मशीनों के युग में था और हम मोमबत्ती में जिंदगी ढूंढ रहे थे। किसी के बीमार होने पर बस भगवान ही मालिक था।– चैनू राम

परीक्षा के दिनों में दिक्कत और बढ़ जाती थी। बच्चे अंधेरा होने तक घर पहुंचते थे, और फिर दोबारा पढ़ना संभव ही नहीं था। – टेक चंद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# बिहार चुनाव पर पक्ष-विपक्ष ने किए बड़ी जीत के दावे




**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** बिहार विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद के कई नेता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को, दूसरा चरण 11 नवंबर को होना है, जबकि 14 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।गाजियाबाद से जुड़े सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा और विपक्षी नेताओं ने बिहार में जनसंपर्क कर चुनावी माहौल को नजदीक से देखा है। इना नेताओं का कहना है कि इस बार बिहार चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले हो सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता जहां एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत का दावा कर रहे हैं। तो वहीं विपक्षी नेताओं का विश्वास है कि इस बार तेजस्वी यादव का प्रभाव देखने को मिलेगा और जनता बदलाव के मूड में है। पहले चरण के मतदान से पहले प्रचार का अंतिम दौर बेहद जोरदार रहा। अब सबकी निगाहें 14 नवंबर पर टिकी हैं, जब तय होगा कि अगले पांच साल बिहार की सत्ता किस पार्टी के हाथों में होगी।

## सांसद अतुल गर्ग ने कहा बिहार में बनने जा रही है भाजपा की सरकार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बिहार चुनाव को लेकर अब चर्चा शुरू हो चुकी है। बिहार में चुनाव है और इसका सीधा असर उत्तर प्रदेश की सियासत पर पड़ेगा। बिहार में जनता का क्या रूप है और सियासी अनुभव से क्या लगा रहा है ये सवाल दैनिक करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से किया। सांसद अतुल गर्ग ने दावा किया कि बिहार में हमारी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि दो तिहाई मैजोरिटी के साथ हम रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतने जा रहे हैं। वोटर के इस



रूझान की वजह बताते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पिछले चुनाव में हमें चिराग पासवान को साथ लेने से सियासी नुकसान हुआ। इस बार ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि आरजेडी वाले ऊपर से भले ही एक कवर में एकजुट दिखाई दे रहे हैं लेकिन वो अंदर से अलग अलग हैं। जबकि भाजपा पूरी तरह से एकजुट होकर चुनाव लड़ रही है। सांसद अतुल गर्ग ने दावा किया कि यहां पर भाजपा गठबंधन को 60 प्रतिशत से अधिक सीटें मिलने जा रही हैं।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का दावा जीत रही है भाजपा बिहार चुनाव

### -विपक्ष गठबंधन को लेकर बोले जमानत पर छूटे हुए लोगों का गठबंधन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने बिहार चुनाव को लेकर भाजपा गठबंधन की जीत का दावा कर रहे हैं। उन्होंने दैनिक करंट क्राइम से बात चीत में बिहार चुनाव को लेकर कहा कि बिहार में 100 प्रतिशत एनडीए सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि यहां पर भाजपा गठबंधन भारी बहुमत से चुनाव



जीत रहा है। उन्होंने कहा कि ये बात केवल मैं नहीं बल्कि बिहार की जनता बोल रही है। विपक्ष के गठबंधन को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचार और चोरी जैसे आरोपों में जेल गये लोगों के जमानत पर छूटे हुए लोगों का गठबंधन है। सुनील शर्मा ने कहा कि जनता कभी भी ऐसे भ्रष्ट और बेईमान लोगों को पसंद नहीं करती है। बिहार की जनता सुशासन के नाम पर वोट करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बिहार में भाजपा सरकार बनने जा रही है।



## पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा बोले बिहार में झूठे वादों पर कोई वोट नहीं देगा

**करंट क्राइम:** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा है कि बिहार में चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत हो रही है। उन्होंने कहा है कि बिहार में लगातार तेजस्वी यादव को जनता दिल खोल के समर्थन कर रही है। तो वहीं उन्होंने कहा है कि जनता जान चुकी है कि झूठे वादों पर वोट नहीं देना है। महंगाई, रोजगार, विकास कहीं कुछ नहीं है, लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। तो वहीं महंगाई ने भी बिहार की जनता को परेशान किया है। पंडित अमरपाल शर्मा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत एनडीए को पूरे देश में सबक सिखाने का काम होगा।



## सपा जिलाध्यक्ष फैजल ने कहा बिहार से शुरू होगी जीत की पारी और यूपी तक रहेगी जारी

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा है कि बिहार में इंडिया गठबंधन की जीत हो रही है। उन्होंने कहा है कि बिहार की स्थिति बता रही है कि किस तरीके से भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड से वहां की जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा और जदयू की कार्यशैली ही बिहार की असफलता का कारण है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता आज भी तेजस्वी यादव के विकास कार्यों और मॉडल को याद करती और यही वजह है कि इस बार वहां विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की भारी जीत होने वाली है, जो यूपी तक जारी रहेगी।

# बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर कचहरी में सरगर्मी तेज

## दो गुट आमने-सामने, आज लग सकती है मतदाता सूची

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के कार्यकारिणी चुनाव 2025-26 की घोषणा के साथ ही अधिवक्ताओं में हलचल तेज हो गई है। चुनाव कार्यक्रम जारी करने के बाद अब मतदाता सूची से लेकर प्रत्याशियों की दावेदारी तक नई सियासत शुरू हो गई है। गाजियाबाद बार में लगभग 4,000 से अधिक अधिवक्ता मतदाता हैं, जो हर बार की तरह इस चुनाव में भी अहम भूमिका निभाएंगे। इतने बड़े वोट बैंक के चलते चुनाव पूरी तरह प्रतिष्ठा का विषय बन चुका है। शनिवार को कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने आपात बैठक कर मौजूदा चुनाव कार्यक्रम पर आपत्ति जताई और मतदाता सूची पर विस्तार से चर्चा की। इसमें कहा गया कि जिन अधिवक्ताओं के नाम सूची में दर्ज नहीं होंगे, उन्हें 4 नवंबर तक अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे।




### पूर्व पदाधिकारी फिर मैदान में आएंगे

करंट क्राइम : अधिवक्ताओं सूत्रों का कहना है कि इस बार चुनाव में कई पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव और कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी पुनः मैदान में उतरने को तैयार हैं। उन्होंने कोर्ट-कचहरी और बार सदस्यों के बीच समर्थन जुटाने के लिए मुलाकातें शुरू कर दी हैं तथा अपना परिचय और योजनाएँ साझा कर रहे हैं।

### पिछले कार्यकाल में भी रही थी खींचतान

करंट क्राइम : गाजियाबाद बार एसोसिएशन का पिछला कार्यकाल भी विवादों से घिरा रहा। सचिव पद को लेकर बार बार असहमति और कानूनी टकराव की स्थिति बनी रही कभी मामला वकीलों की बैठकों में तूल पकड़ा कभी कोर्ट में गया। फिर अधिवक्ताओं के विरोध-प्रदर्शन के चलते बार परिसर में आंदोलन भी हुआ, इस खींचतान की वजह से पूरे कार्यकाल में तनावपूर्ण वातावरण रहा और कई निर्णय बाधित हुए, जो अब आगामी चुनाव को और भी संवेदनशील बना रहे हैं।

### पुलिस-प्रशासन ने भी संभाली कमान

करंट क्राइम : चुनावी तैयारियों और बार परिसर में बढ़ती हलचल को देखते हुए पुलिस और इंटेलीजेंस भी सक्रिय हो गए हैं। शनिवार को एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौय स्वयं कचहरी पहुँचे और स्थिति का जायजा लेकर कानून-व्यवस्था पर निर्देश दिए।

### अब सबकी नजर मतदाता सूची और नामांकन पर

करंट क्राइम : चुनाव तिथि तय होने के बाद अब अधिवक्ताओं की नजर मतदाता सूची पर टिकी है। सूची जारी होते ही नामांकन और प्रचार की रणनीति तेज हो जाएगी। इस बार का चुनाव जहां नए नेतृत्व की तलाश का अवसर है, वहीं पूर्व पदाधिकारियों की सक्रियता मुकाबले को और दिलचस्प बना रही है।

### बार पदाधिकारी बोले फरवरी तक जा सकती है डेट

करंट क्राइम : स मामले में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि बेवजह चुनाव को लेकर जल्दबाजी की जा रही है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद का प्रयास है कि चुनाव की तैयारी हो और चुनाव जल्द से जल्द करवाया जाएं।

# हाउस टैक्स प्रकरण मामले में 19 नवम्बर को होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

## 100 पेज के हलफनामे के जवाब में दाखिल हुआ 100 पेज का ही काउंटर एफिडेविट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मामले को लेकर खुला मोर्चा बंद नहीं हो रहा है।

मेयर ने कहा कि लोग अभी टैक्स जमा ना करें। निगम प्रशासन ने कहा कि अभी तो छूट भी मिल रही है इसलिए जमा करा लो। निगम पार्षद लखनऊ में सभी से मिलकर आये और प्रभारी मंत्री के सामने भी अपनी बात रखी। पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में अब 19 नवम्बर को सुनवाई होगी। नगर निगम ने इस मामले में अदालत में 100 पेज का हलफनामा दाखिल किया था।

हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता पूर्व पार्षदों ने 100 पेज का ही जवाब दाखित किया है। इस मामले में अदालत में याचिका दाखिल करने वाले पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल एडवोकेट ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में ये कहा कि 19 नवम्बर को अब सुनवाई होगी।



उन्होंने कहा कि हमें अपनी जीत पर 90 प्रतिशत भरोसा है। 10 प्रतिशत संशय को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ भी हो सकता है। अधिवक्ता तथा पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि अदालत निगम एक्ट में प्रावधान को देखती है। उन्होंने दोहराया कि निगम के किसी भी अधिकारी को अपनी तरफ से कर बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि नगरायुक्त शासन के लैटर का हावाला दे रहे हैं लेकिन वो ये बतायें कि उस पत्र में ये कहां लिखा है कि टैक्स बढ़ा दिया जाये। हिमांशु मित्तल ने कहा कि अगर टैक्स की राशि में वृद्धि करना, टैक्स को बढ़ाना और सारे काम अगर निगम अधिकारियों को करने हैं तो फिर निगम सदन की क्या जरूरत है।

निगम पार्षद यहां चुनाव जीतकर क्यों आते हैं। जनता अपने वोट से चुनाव जीताकर मेयर को क्यों भेजती है। उन्होंने कहा कि हमें अदालत पर भरोसा है और हम जनता के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# विपक्ष के पार्षद ने कहा, भाजपा के किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं लगाई मेरे वार्ड में अपनी निधि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहा तो ये जाता है कि चुनाव राजनीतिक दलों के नेता लड़ते हैं। मेहनत कार्यकर्ता करते हैं और जनता वोट देकर जनादेश देती है। जीतने के बाद विकास का तराजू एक रहता है और फिर काम दल के हिसाब से नहीं बल्कि जनता के हिसाब से किये जाते हैं। सरकार के लिए जनता एक समान होती है और जनप्रतिनिधियों के लिए भी पूरा ईलाका उनका परिवार होता है। लेकिन एक वार्ड ऐसा है जो शहीद के नाम पर है लेकिन यहां पर जनता से गलती ये हुई कि उसने समाजवादी पार्टी की मुस्लिम उम्मीदवार को जिताया।



नतीजा ये हुआ कि आज तक इस वार्ड में विकास का एक नारियल, लोकार्पण की दो ईंट और शिलान्यास के लिए कोई जनप्रतिनिधि नहीं आया। ये ईलाका नगर निगम के वार्ड संख्या 64 का है। यहां से पूर्व पार्षद मौ. कल्लन की पत्नी खुर्शीदा बेगम पार्षद हैं। इस वार्ड की कहानी ये है कि यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपनी निधि से कोई काम नहीं कराया। यहां पर साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा की निधि से कोई लोकार्पण नहीं हुआ। यहां नरेन्द्र कश्यप से लेकर एमएलसी दिनेश गोयल ने अपनी निधि नहीं लगाई है। इस वार्ड में मेयर सुनीता दयाल ने भी अपने कोटे से कोई काम नहीं कराया है। ये आरोप मौजूदा पार्षद खुर्शीदा बेगम के पति पूर्व पार्षद मौ. कल्लन का है। उनका कहना है कि वो कई बार विकास के लिए पत्र भी लिख चुके हैं लेकिन विकास का बादल इस वार्ड की गलियों पर बरसता ही नहीं है। उनका कहना है कि शहीदनगर के विकास को लेकर शायद लोकेशन भटक गयी है। उन्होंने कहा कि डूडा के कोटे से तो मलिन बस्तियों के काम हो सकते हैं, मगर यहां पर डूडा के कोटे से भी कोई काम नहीं हुआ है। विपक्ष के पार्षद हैं तो हो सकता है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने इस वार्ड की जनता को विकास की सुविधा से महरूम रखा हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता परेशान है कोई सांसद, विधायक, मंत्री यहां की हालत देखने भी नहीं आता है। कई बार अधिकारियों से भी कह चुके हैं लेकिन ये विपक्ष का वार्ड है तो इसे लेकर पूरा सिस्टम ही हार्ड है।

# मुरादनगर विधानसभा में अजीत का किला नजर आ रहा है अभेद

## चुनावी आंकड़ों में पूरा विपक्ष मिलकर जोर लगाने के बाद भी दिखाई दे रहा है कमजोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनावी रणभेरी खिलाड़ियों के लिए तो बज चुकी है। पार्टी स्तर पर तैयारी शुरू हो चुकी है। वो किन सीटों पर चेहरों का बदलाव करेगी। ये उसकी बाद की रणनीति की बात है। लेकिन राजनीतिक दल अपनी चुनावी रणनीति को धीरे धीरे धार दे रहे हैं। जिन सीटों पर भाजपा जीती है उन सीटों पर भी समीकरण तय हो रहे हैं।

उन सीटों पर इलैक्शन से जुड़े कैल्कुलेशन भी लगाये जा रहे हैं। ऐसे में बात उस विधानसभा की हो रही है जहां सियासी ताकत के रूप में भाजपा के अजीतपाल त्यागी ने अपना सिक्का जमाया है। वो लगातार दूसरी बार के विधायक हैं और यहां उनके आंकड़े ही उन्हें मजबूत साबित कर रहे हैं। यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विधायक अजीतपाल त्यागी का चुनावी किला पूरी तरह अभेद दिखाई दे रहा है। पूरा विपक्ष एकजुट होकर भी उनके सामने वोटों के पलड़े में नहीं टिक पा रहा है।



मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी के सामने हालाकि अभी तक खुलकर मुखर दावेदारी में कोई नहीं आया है। आंकड़ों की बात करें तो यहां विपक्ष 2022 में बुरी तरह से परास्त हुआ है। यहां भाजपा उम्मीदवार के रूप में अजीतपाल त्यागी को एक लाख 69 हजार 290 वोट मिली हैं। वो 2022 में 61.63 प्रतिशत वोट पाकर विधायक बने थे। इसी चुनाव में यहां पर राष्ट्रीय लोकदल के बैनर पर सपा के सहयोग से पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी विधानसभा का चुनाव लड़े और उनहें 72 हजार 195 वोट मिली। पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी को 26.28 प्रतिशत वोट मिली हैं। यहां पर 2022 में ही बसपा के टिकट पर अय्यूब ईदरिशि चुनाव लड़े। उन्हें 20,589 वोट प्राप्त हुई। अब इनमें कैडर की वोट कितनी हैं और मुस्लिम समाज की वोट कितनी हैं ये तय करना है। यहां पर सबसे ज्यादा दुर्गति कांग्रेस की हुई। कांग्रेस के बिजेन्द्र यादव यहां चुनाव लड़े और उन्हें मात्र 2.57 प्रतिशत वोट मिलीं। कांग्रेस के बिजेन्द्र यादव को महज 7053 वोट मिलीं।

चुनावों का ये आंकड़ा एक रोचक तथ्य ये भी प्रस्तुत करता है कि यदि विपक्ष के इन सारे वोटों को जोड़ लिया जाये तो भी यहां वो अजीतपाल त्यागी को हरा नहीं पा रहे हैं। विपक्ष को मिले इन वोटों का टोटल 99839 वोट हैं। पूरा विपक्ष मिलकर 2022 में मुरादनगर विधानसभा सीट पर एक लाख का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। रालोद भाजपा के साथ है और ऐसे में यहां मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी अपने मजबूत डाटा के साथ खड़े हैं।

एक बड़ी बढ़त विपक्ष को हांसिल करनी है। बड़ी बात ये है कि यहां विपक्ष के पास अभी कोई चेहरा ऐसा नहीं है जो चुनावी रण में ललकार देता दिखाई दे रहा हो। विपक्ष आंकड़ों से भी कमजोर है और यहां पर अगर चेहरे की बात करें तो अजीतपाल त्यागी अपने सियासी बैकग्राउंड से मजबूत हैं। उनके पिता स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी का अपना एक असर है।

राजनीतिक दलों के टिकट से लेकर निर्दलीय विधायक के रूप में चुनाव जीतकर वो विधानसभा में पहुंचे थे। शहरी क्षेत्र में पार्टी का कैडर और देहात क्षेत्र में इस परिवार की अपनी पकड़ और अजीतपाल त्यागी का अपना नेटवर्क , अपना व्यवहार उन्हें मजबूती प्रदान करना नजर आता है।

# सावधान! कहीं शादी का निमंत्रण कार्ड ना कर दे आपका खाता खाली

## एपीके फाइल डाउनलोड होते ही ठगी का शिकार हो रहे हैं लोग

### - साइबर ठगों ने अब कईयों को बनाया शिकार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देव उठानी एकादशी बीत गई है और अब शादी ब्याह का सीजन भी शुरू हो गया है। ऐसे में साइबर ठगी करने वाले गिरोह एक्टिव हो गए हैं और वह सीधे आपके व्हाट्सएप पर सेंध लगाते हुए एपीके फाइल डाउनलोड करवाते ही सैकंड़ों में हजारों-लाखों का चूना लगा रहे हैं। बीते करीब 15 दिनों में गाजियाबाद और दिल्ली- एनसीआर में इस तरीके के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं। इसके लिए बाकायदा गृह मंत्रालय की ओर से गाइडलाइन भी जारी कर दी गई हैं, तो साइबर ठगी रोकने के लिए गाजियाबाद साइबर टीम भी लोगों को



अलर्ट कर रही है। दरअसल एपीके फाइल मोबाइल में डाउनलोड होते ही फोन हैकर के कब्जे में होता है और फिर वह आपके मोबाइल नंबर से अलग-अलग नंबरों पर मैसेज भेज कर ठगी का धंधा शुरू कर देते हैं और मिनट में हजारों लाखों रुपए कमा रहे हैं।

**शादी कार्ड इंस्टाल होते ही मोबाइल पर कब्जा :** साइबर ठगों के द्वारा एपीके फाइल एक बार इंस्टॉल होने के बाद यह ठग चुपके से एसएमएस, संपर्क सूची, कैमरा और फाइल एक्सेस जैसी संवेदनशील अनुमतियां प्राप्त कर

शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# भारतीय सेवा क्षेत्र का विरोधाभास

सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख वाहक है। इस क्षेत्र में करीब 18.8 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है और यह सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में करीब 55 फीसदी का योगदान करता है। इस क्षेत्र के रोजगार के रुझानों और जीवीए से संबंधित नीति आयोग की दो रिपोर्ट बताती हैं कि सेवा क्षेत्र के सुर्खियों वाले आंकड़ों से परे इसमें विरोधाभास की एक कहानी भी छिपी हुई है। बीते छह साल में इस क्षेत्र में 4 करोड़ रोजगार जुड़े और यह निर्माण क्षेत्र के साथ देश में सबसे अधिक कामगारों की खपत वाला क्षेत्र बनकर उभरा।

हालांकि कोविड के बाद इस क्षेत्र की रोजगार प्रत्यास्थता (जो दशार्ती है कि आर्थिक वृद्धि किस हद तक नौकरियों में परिवर्तित होती है) तेजी से बढ़कर 0.63 हो गई है। इसके बावजूद यह पुनरुद्धार विरोधाभासी वास्तविकताओं को छिपाए हुए है। सूचना प्रौद्योगिकी (प्रत्यास्थता 0.88), वित्त (प्रत्यास्थता 0.95), स्वास्थ्य देखभाल (प्रत्यास्थता 0.94) और परिवहन (प्रत्यास्थता 0.89) जैसे उच्च-मूल्य वाले क्षेत्र डिजिटलीकरण, प्लेटफॉर्म आधारित अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक मांग के कारण फल-फूल रहे हैं। लेकिन ये उप-क्षेत्र कामकाजी वर्ग के केवल एक छोटे हिस्से को ही रोजगार प्रदान करते हैं।

इसके विपरीत, व्यापार, शिक्षा और व्यक्तिगत सेवाएं जो पारंपरिक रूप से रोजगार की स्तंभ रही हैं, श्रम-प्रधान तो बनी हुई हैं, लेकिन इनमें नौकरियां देने की क्षमता कमजोर होती जा रही है। दूरसंचार (0.79 ऋणात्मक) और बीमा (1.31 ऋणात्मक) जैसे उप-क्षेत्रों में लगातार ऋणात्मक प्रत्यास्थता दर्ज की गई है, जो यह दशार्ता है कि इन क्षेत्रों में पूंजी-प्रधान विकास हो रहा है, जो नौकरियां उत्पन्न करने के बजाय उन्हें प्रतिस्थापित कर रहा है।

वृद्धि और रोजगार की यह असंगति ही भारतीय सेवा उद्योग की कहानी को परिभाषित करती नजर आ रही है। आधुनिक सेवाएं पूंजी गहनता वाली हैं। इनकी उत्पादकता अधिक है लेकिन इनमें सीमित रोजगार तैयार होते हैं। पारंपरिक सेवाएं श्रम-प्रधान हैं लेकिन कम मूल्य वाली हैं और आजीविका को बनाए रखती हैं। इसका नतीजा एक विशाल नदारद ह्यमध्यम वर्गह्ल के रूप में निकलता है। यानी उच्च वर्ग की वैश्विक रूप से जुड़ी नौकरियों और करोड़ों अनौपचारिक सेवा आधारित आजीविकाओं के बीच एक अंतर जिनमें स्थिरता या सामाजिक सुरक्षा का अभाव है।

सेवा क्षेत्र के लगभग 87 फीसदी कामगार औपचारिक सुरक्षा तंत्र से बाहर हैं, और शिक्षित लोगों में भी अनौपचारिकता बनी हुई है। लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष का अंतर भी उतना ही चौंकाने वाला है। ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 10.5 फीसदी महिलाएं सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 60 फीसदी है। ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन केवल लगभग 213 रुपये कमाती हैं, जो पुरुषों के पगार का आधा भी नहीं है। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों में महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से अधिक कमाती हैं। यह भारत के श्रम बाजार में समानता का एक दुर्लभ उदाहरण है। भू-राजनीतिक रूप से भारत का सेवा क्षेत्र देश की व्यापक आर्थिक असमानता को ही दशार्ता है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु उच्च मूल्य वाली सेवाओं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और अचल संपत्ति में दबदबा रखते हैं। बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पारंपरिक कम उत्पादकता वाली गतिविधियों मसलन खुदरा और व्यापार के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

शोध से यह पता चलता है कि किसी राज्य की सेवा क्षेत्र की गहनता और प्रति व्यक्ति आय के बीच एक मजबूत संबंध है। यानी जितना अधिक कोई राज्य आधुनिक सेवाओं पर निर्भर करता है, वह उतना ही समृद्ध होता है। सकारात्मक बात यह है कि पिछड़ते राज्यों में अब सेवा क्षेत्र में तेजी से वृद्धि के शुरूआती संकेत दिख रहे हैं।

# कर्मचारियों के लिए सरकार ने लॉन्च की नई योजना

**केंद्र सरकार ने ईपीएफओ के 73वें स्थापना दिवस पर ह्यइंप्लॉइज इनरोलमेंट स्कीम-2025ह्ल लॉन्च की है। यह योजना एक नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक चलेगी और एक जुलाई 2017 से 31 अक्तूबर 2025 के बीच ईपीएफ कवरेज से वंचित कर्मचारियों को शामिल करने का अवसर देगी।**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले व खेल मंत्री ने नई दिल्ली में कर्मचारियों भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 73वें स्थापना दिवस पर शुरूआत की। इस योजना का उद्देश्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना और उन कर्मचारियों को कवर करना है जो अब तक भविष्य निधि (ईपीएफ) व्यवस्था से बाहर थे।

श्रम मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के तहत नियोक्ताओं को विशेष अवसर दिया गया है कि वे उन पात्र कर्मचारियों को शामिल करें जिन्हें एक जुलाई 2017 से 31 अक्तूबर 2025 के बीच ईपीएफ कवरेज से बाहर रखा गया था। यह योजना एक नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक यानी छह महीने के लिए खुली रहेगी।

इस अवधि में नियोक्ता अपने कर्मचारियों को ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से रजिस्टर करवा सकते हैं और अतीत की अनुपालनों को नियमित कर सकते हैं।




### नियोक्ताओं को राहत

मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के तहत कर्मचारियों के हिस्से का अंशदान माफ कर दिया गया है, अगर वो पहले नहीं काटा गया था। नियोक्ताओं को केवल अपने हिस्से का योगदान, ब्याज (धारा 7द के तहत), प्रशासनिक शुल्क और 100 रुपये का प्रतीकात्मक दंड भरना होगा। यह एकमुश्त 100 रुपये प्रति प्रतिष्ठान का जुमार्ना तीनों ईपीएफ योजनाओं के लिए पूर्ण अनुपालन माना जाएगा। मंत्रालय ने इसे पारदर्शिता और सरलता बढ़ाने वाला कदम बताया है, जिससे स्वैच्छिक भागीदारी में वृद्धि होगी।

**जांच के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों पर भी मेहरबानी :** सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वे प्रतिष्ठान जो धारा 7अ, पैरा 26इ या पैरा 8 (एढर-1995) के तहत जांच का सामना कर रहे हैं, वे भी इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। इन पर केवल नाममात्र का नुकसान शुल्क यानी 100 रुपये का सांकेतिक जुमार्ना लगाया जाएगा।

### सामाजिक सुरक्षा के कि लिए योजना

यह योजना भारत में कार्यबल के औपचारिककरण और सामाजिक सुरक्षा को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इससे उन लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा जो अब तक ईपीएफ व्यवस्था से बाहर थे। सरकार ने कहा है कि यह कदम सोशल सिक्योरिटी फॉर ऑल के लक्ष्य को मजबूत करेगा और हर श्रमिक को भारत की संगठित सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनाएगा। इससे पारदर्शिता, जवाबदेही और श्रमिक कल्याण की दिशा में ठोस प्रगति होगी।

# वित्त वर्ष 2026 में जीएसटी राजस्व बजट अनुमान से अधिक रहेगा




**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक दिशा पर अहम संकेत देते हुए एसबीआई रिसर्च ने कहा है कि वित्त वर्ष 2026 (एफवाई26) में जीएसटी से होने वाली आय सरकार के बजटीय अनुमानों से ज्यादा होगी। रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों में कर दरों के पुनर्गठन के बाद भी जीएसटी से होने वाला कुल राजस्व मजबूत स्थिति में रहेगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में कर प्रणाली की स्थिरता का संकेत देता है।

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि हम अनुमान लगाते हैं कि वित्त वर्ष 2026 में जीएसटी संग्रह बजट में तय अनुमान से अधिक रहेगा। रिपोर्ट ने यह आकलन जीएसटी परिषद द्वारा जारी विकास दर के अनुमानों के आधार पर किया है। इसमें बताया गया कि कर दरों में हालिया पुनर्गठन के बावजूद अधिकांश राज्यों को वित्त वर्ष 2026 में शुद्ध लाभ मिलेगा।

**जानें राज्यों की स्थिति :** सितंबर 2025 में लागू किए गए जीएसटी दर पुनर्गठन के तहत अब चार स्तर की संरचना लागू है। शून्य प्रतिशत, पांच प्रतिशत, 18 और 40 फीसद। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र को इस बदलाव से करीब छह प्रतिशत का लाभ होगा, जबकि कर्नाटक को 10.7 फीसद तक की बढ़ोतरी मिलेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि दरों के पुनर्गठन के बाद कुल मिलाकर राज्य नेट गेनर यानी लाभार्थी रहेंगे।

**पूर्व आंकड़ों से मिला भरोसा :** एसबीआई रिसर्च ने अपने विश्लेषण में जुलाई 2018 और अक्टूबर 2019 के जीएसटी दर संशोधन के अनुभवों को भी जोड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, दरों में बदलाव के बाद शुरूआती महीनों में तीन से चार प्रतिशत की अस्थायी गिरावट देखने को मिलती है, लेकिन इसके बाद राजस्व में लगातार पांच से छह प्रतिशत मासिक वृद्धि होती है। अनुमान के मुताबिक, यह सुधार सालाना एक लाख करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त आमदनी में बदल सकता है।

**मौजूदा जीएसटी आंकड़े :** वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 में जीएसटी संग्रह 4.6% बढ़कर 1.95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले साल इसी महीने में 1.87 लाख करोड़ रुपये था। अप्रैल से अक्तूबर 2025 तक कुल संग्रह नौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13.89 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया है।

## राशिफल

**मेष :** धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। आय में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु परास्त होंगे।

**वृष :** शत्रु भय रहेगा। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मिथुन :** पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से बचें। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें।

**कर्क :** घर-बाहर असंतोष रहेगा। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**कन्या :** चोट, रोग व विवाद से बाधा तथा हानि संभव है। झंझटों में न पड़ें। भागदौड़ अधिक रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में देरी होगी।

**तुला :** थकान रहेगी। भागदौड़ होगी। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। चोट व रोग से बाधा संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। पैसों की आवक रहेगी।

**धनु :** झुंझलाहट रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न लें।

**मकर :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। दूसरों से अपेक्षा न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

## चुटकुले

अध्यापक – तुम कैसे सिद्ध करोगे कि साग-पात खाने वाले की निगाहें तेज होतीं है।
छात्र – सर, आज तक किसी ने बकरे या घोड़े को चश्मा लगाते देखा है क्या ?

---

महिला ( डॉक्टर से ) – डॉक्टर साहब मेरा कान देख लीजिए। डॉक्टर – आप गलत जगह आ गई हैं। मैं डॉक्टर जरूर हूं पर मैंने संगीत में डॉक्टरी की है। महिला– इसीलिए तो आप के पास आई हूं। मेरे कानों में झुंझलाहट हो रही है। बताए कि मेरे कानों में कौन सा राग बज रहा है।

# व्यापार समझौते पर ट्रंप-शी में सहमति



### आर्थिक सहयोग पर 21 देश राजी, चुनौतियों से निपटने पर जोर

**नई दिल्ली।** व्यापार युद्ध पर अस्थायी विराम लगाने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग में सहमति बनने के बाद एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेताओं ने शनिवार को वार्षिक आर्थिक शिखर सम्मेलन का समापन किया। इस दौरान क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग पर जोर देने संबंधी बयान भी जारी किया गया। नेताओं ने आर्थिक सहयोग बढ़ाने व साझा चुनौतियों से निपटने पर चर्चा को लेकर शुक्रवार को अपना वार्षिक शिखर सम्मेलन शुरू किया था।

दक्षिण कोरियाई शहर ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के दो दिनों के बाद ह्यएपेकह्ल नेताओं ने एक साझा बयान में दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका-चीन) के बीच व्यापार तनाव से प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था की साझा चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक सहयोग करने का वादा किया। इससे एक दिन पहले ही राष्ट्रपति और चीनी राष्ट्रपति ने व्यापार के मामले में बढ़ता तनाव घटाने के लिए कदम उठाने पर सहमति जताई थी।

**ट्रंप-शी सहमति बड़ी राहत :** ट्रंप ने एक दिन पूर्व जिनपिंग से हुई मुलाकात में चीन पर लगाए गए शुल्क (टैरिफ) में कटौती की बात कही और बीजिंग ने दुर्लभ धातुओं के निर्यात की अनुमति देने व अमेरिका से सोयाबीन खरीदने पर सहमति जताई। ट्रंप-शी में बनी सहमति वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात है।

**अगले वर्ष शेन्झेन में होगा एपेक सम्मेलन :** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शनिवार को घोषणा की कि चीन अगले साल नवंबर 2026 में एपेक आर्थिक नेताओं की बैठक की मेजबानी करेगा।

उन्होंने कहा, एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेताओं का 2026 का शिखर सम्मेलन शेन्झेन में आयोजित किया जाएगा। चीन, एपेक शिखर सम्मेलन की पहले भी दो बार मेजबानी कर चुका है। शी ने कहा, चीन में निवेश करना भविष्य में निवेश करना है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- फ्लीज उनकी ऊंचाई से 200 गुना तक अधिक कूद सकता है। यह मनुष्य की तुलना में न्यूयॉर्क के एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को कूदने के समान है।
- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- रेंडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।
- हाथी 3 मील दूर तक पानी की गंध ले सकते हैं।
- पेंगुइन के पास घुटने भी होते हैं।
- सूर्य भालू की सभी भालू प्रजातियों में सबसे लंबी जीभ होती है – 8 से 10 इंच लंबी!
- बाघों को न केवल उनके फर पर पट्टियां होती हैं, बल्कि वे उनकी त्वचा पर भी होती हैं। दो बाघों में कभी भी एक जैसी ही पट्टी नहीं होती है।
- महिला कोमोडो ड्रेगन को पुनरुत्पादन के लिए एक पुरुष की जरूरत नहीं होती है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## 03 11 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन


मोनाली ठाकुर
सिंगर

## आज के जन्मदिन


मिर्जा अबुजर बेग


करिश्मा गोयल


मधु पोद्दार


प्रियंका सोनी


राहुल गोयल


संजीव शर्मा


अमित त्यागी


दीपक जाटव


दीपक शर्मा


गौतम सैनी


ललित पाल


अमित कसाना


राहुल शर्मा


अंकित सिंघल


अनु देव शर्मा


राहुल गोयल


पंकज धेरान


सुमित कुमार


बबलु कौशिक


वैभव कौशिक


पं. अंकुश शुक्ला


रामनरेश गुप्ता

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास महान मिताली राज का आठ साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**मंधाना ने इस विश्व कप में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है। उन्होंने पारी दर पारी भारत के लिए अहम योगदान दिया। चाहे वो शुरूआती विकेट के रूप में पारी को संभालना हो या फिर दबाव की स्थिति में रन बनाना।**

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में एक नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस टूनामेंट में अब तक 410 रन* बनाकर भारत की ओर से किसी एक महिला वनडे विश्व कप संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इस मामले में उन्होंने भारत की दिग्गज कप्तान मिताली राज को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2017 विश्व कप संस्करण में 409 रन बनाए थे।

### महिला वनडे विश्व कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन (भारतीय)

| खिलाड़ी | रन | साल |
|---|---|---|
| स्मृति मंधाना | 416 | 2025 |
| मिताली राज | 409 | 2017 |
| पूनम राउत | 381 | 2017 |
| हरमनप्रीत कौर | 359 | 2017 |
| स्मृति मंधाना | 327 | 2022 |

मंधाना ने इस विश्व कप में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है। उन्होंने पारी दर पारी भारत के लिए अहम योगदान दिया। चाहे वो शुरूआती विकेट के रूप में पारी को संभालना हो या फिर दबाव की स्थिति में रन बनाना। उनके दम पर भारत महिला टीम फाइनल तक पहुंची है और खिताब की प्रबल दावेदार बनी हुई है।

इससे पहले 2017 में मिताली राज और पूनम राउत ने शानदार प्रदर्शन किया था। मिताली के बाद किसी एक महिला वनडे विश्व कप संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पूनम राउत के नाम है। उन्होंने 2017 में 381 रन बनाए थे। जबकि टूनामेंट के उसी संस्करण में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 359 रन बनाए थे। वहीं, 2022 विश्व कप में भी मंधाना ने 327 रन बनाए थे, लेकिन 2025 में उन्होंने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक



मिताली राज

नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह उपलब्धि न केवल स्मृति मंधाना के व्यक्तिगत करियर की ऊंचाई है, बल्कि यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए भी गर्व का क्षण है। लगातार दो विश्व कप में मंधाना ने यह दिखा दिया है कि वह भारत की सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हैं और बड़े टूनामेंट में उनका प्रदर्शन हमेशा टीम को आगे बढ़ाने वाला होता है।



स्मृति मंधाना

# हेजलवुड की अनुपस्थिति का लाभ उठाना चाहेगा भारत

## तीसरे टी20 में मिलेगा अर्शदीप को मौका

**होबार्ट।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला रविवार को होबार्ट में खेला जाएगा। इस मैच में टीम इंडिया की नजरें 1-1 की बराबरी होंगी। पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच में भारत को जोरदार पटखनी दी और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की अुपस्थिति भारतीय बल्लेबाजों की वापसी की राहें तय कर सकती है। आगामी मैचों में यह गेंदबाज अब नजर नहीं आएगा, ऐसे में विपक्षी टीम इस मौके का भरपूर लाभ उठाकर सीरीज में खुद को बनाए रखना चाहेगी। रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला होबार्ट में खेला जाएगा। इस मैच में टीम इंडिया की नजरें 1-1 की बराबरी होंगी। पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच में भारत को जोरदार पटखनी दी और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

**क्यों मिला हेजलवुड को आराम?**

सही लंबाई पर गेंद डालने में हेजलवुड की सटीकता और उछाल, भारतीय बल्लेबाजों के लिए दुःस्वप्न बन गई। ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के आखिर में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है और उसे देखते हुए हेजलवुड को आराम दिया गया है। स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने मेलबर्न में खेले गए दूसरे मैच के बाद कहा था, 'यह निश्चित रूप से राहत की बात होगी। मैंने ऐसी गेंदबाजी का सामना पहले कभी नहीं किया।' ऐसी स्थिति में भारतीय बल्लेबाजों को राहत मिलना स्वाभाविक है और वे जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस या सीन एबॉट जैसे गेंदबाजों का सामना करते समय अधिक आश्वस्त महसूस करेंगे।

**हर्षित की जगह अर्शदीप को मिलेगी तरजीह?**

आगामी मुकाबले में यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को प्लेइंग 11 में जगह मिल पाती है या नहीं। लगातार उन्हें बाहर रखे जाने से टीम प्रबंधन की रणनीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अर्शदीप सिंह को बाहर रखने के फैसले पर हैरानी व्यक्त करते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था, 'अगर जसप्रीत बुमराह खेल रहे हैं, तो अर्शदीप सिंह का नाम सूची में दूसरे



स्थान पर होना चाहिए। अगर बुमराह नहीं खेल रहे हैं, तो अर्शदीप सिंह का नाम सूची में पहले स्थान पर होगा।' अगर आंकड़ों पर गौर करें तो स्पष्ट हो जाता है कि पिछले 15 से 20 मैचों में भारत के आठवें नंबर के बल्लेबाज ने प्रति पारी औसतन पांच गेंदों का सामना किया है और यही वजह है कि टीम प्रबंधन की इस रणनीति पर सवाल उठने लग गए हैं। भारतीय टीम प्रबंधन अर्शदीप के बजाय हर्षित राणा को प्राथमिकता दे रहा है जिन्होंने पिछले मैच में 33 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। यदि चार गेंदों पर बाउंड्री से बनाए गए 18 रन को हटा दिया जाए, तो दिल्ली के इस ऑलराउंडर ने 29 गेंदों पर 17 रन बनाए। उन्होंने ऐसे समय में गेंद बर्बाद की जबकि दूसरे छोर पर अभिषेक शर्मा खड़े थे और उन्हें स्ट्राइक लेने का मौका नहीं मिल रहा था। जहां तक गेंदबाजी का सवाल है तो हर्षित की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव है।

# अमोल मजूमदार की कहानी

## जिसे देश के लिए खेलने का मौका नहीं मिला, उसने कोच बन भारतीय टीम को फाइनल तक पहुंचा दिया





**मुंबई।** जिस बच्चे को 13 साल की उम्र में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था, आज वही कोच बनकर पूरी टीम को चैंपियन बनने का मौका दे रहा है। कभी जो इंतजार उनका सबसे बड़ा दर्द था, वही अब उनकी पहचान बन गया है।

अमोल मजूमदार की कहानी सिर्फ एक कोच की नहीं है, यह उस खिलाड़ी की गाथा है जिसने कभी भारतीय टीम की जर्सी नहीं पहनी, पर उसने वह कर दिखाया जो शायद भारत के लिए खेलने वाले भी नहीं कर पाए। उन्होंने खुद मैदान पर मौका नहीं पाया, लेकिन दूसरों को वह मौका दिलाया और उसी से भारत को विश्व कप फाइनल तक पहुंचा दिया। भारत की महिला क्रिकेट टीम 2005 और 2017 के बाद सिर्फ तीसरी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है और इस बार उसके चैंपियन बनने की संभावना पहले से कहीं ज्यादा प्रबल है।

फाइनल आज दक्षिण अफ्रीका से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में एक ऐसी ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया जिसे हराना मुश्किल माना जाता है। हालांकि, अमोल मजूमदार के लिए ऐसा करना आसान नहीं था। उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा, न सिर्फ बतौर कोच, बल्कि अपने खेलने के दिनों में भी। आइए उनकी कहानी जानते हैं...

मजूमदार का जीवन एक इंतजार से शुरू हुआ। 1988 में वह 13 साल के थे, जब स्कूल क्रिकेट के टूर्नामेंट हैरिस शील्ड के दौरान नेट्स में अपनी बल्लेबाजी की बारी आने का इंतजार कर रहे थे। उसी दिन अमोल की टीम से ही खेल रहे सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली ने 664 रनों की ऐतिहासिक साझेदारी की। दिन खत्म हो गया, पारी घोषित कर दी गई, लेकिन अमोल को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। यह घटना उनके जीवन का प्रतीक बन गई। बैटिंग की बारी हमेशा उनसे कुछ दूर ही रही।

1993 में जब उन्होंने बॉम्बे (अब मुंबई) के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया, तो पहले ही मैच में 260 रनों की ऐतिहासिक पारी खेल डाली। यह तब विश्व में किसी भी खिलाड़ी की डेब्यू पारी में सबसे बड़ा स्कोर था। लोग कहने लगे- यह अगला सचिन तेंदुलकर बनेगा। पर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

वो एक सुनहरे युग के खिलाड़ी थे, जब टीम में तेंदुलकर, द्रविड़, गांगुली, लक्ष्मण जैसे सितारे थे। मजूमदार उनके साए में खो गए।

2002 तक आते-आते उन्होंने लगभग हार मान ली थी। चयनकर्ता बार-बार नजरअंदाज करते रहे। वो खुद कहते हैं, 'मैं एक खोल में चला गया था, समझ नहीं आ रहा था अगली पारी कहां से निकलेगी।' तभी उनके पिता अनिल मजूमदार ने कहा, 'खेल छोड़ना नहीं, तेरे अंदर अभी क्रिकेट बाकी है।' यह एक वाक्य उनकी जिंदगी बदल गया। उन्होंने वापसी की और 2006 में मुंबई को रणजी ट्रॉफी जिताई।

### कोच बनने की नई राह

सचिन तेंदुलकर ने 2014 में अमोल के संन्यास के वक्त कहा था, 'मजूमदार सच्चे अर्थों में खेल के सेवक हैं।' पर अमोल के मन में एक खालीपन रह गया और वह बताते हैं, 'मैंने भारत के लिए कभी नहीं खेला, यही एक कमी रह गई।' 2014 में क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उन्होंने कोचिंग का रास्ता चुना। उन्होंने नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और राजस्थान रॉयल्स जैसी टीमों के साथ काम किया।

उनकी पहचान एक ऐसे कोच की बनी जो कम बोलता है, लेकिन बहुत गहराई से हर चीज को समझता है। अक्तूबर 2023 में जब उन्हें भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया, तो कई लोगों ने सवाल उठाए कि जिसने भारत के लिए कभी नहीं खेला, वो कोच कैसे बनेगा? लेकिन दो साल बाद, वही लोग उनके सामने सिर झुका रहे हैं।

# केन विलियमसन ने कहा टी20 अंतरराष्ट्रीय को अलविदा, वनडे-टेस्ट में जारी रखेंगे खेलना

**नई दिल्ली।** विलियमसन ने 2011 में न्यूजीलैंड के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और अब तक 93 मैचों में 2575 रन बनाए हैं, जिसमें 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन रहा है। वह न्यूजीलैंड के लिए इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसी के साथ लंबे समय से उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। हालांकि, विलियमसन ने साफ किया है कि वह न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट और वनडे प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे।

**75 मैचों में की कप्तानी**

विलियमसन ने 2011 में न्यूजीलैंड के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और अब तक 93



मैचों में 2575 रन बनाए हैं, जिसमें 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन रहा है। वह न्यूजीलैंड के लिए इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की ओर से 75 टी20 मैचों में कप्तानी भी की और टीम को 2016 व 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल और 2021 में फाइनल तक पहुंचाया।

**'युवाओं को मिले मौका'**

अपने इस फैसले की घोषणा करते हुए विलियमसन ने कहा, 'यह एक ऐसा प्रारूप है जिसे खेलना मुझे हमेशा पसंद रहा है। मैं इन यादों और अनुभवों के लिए बेहद आभारी हूं। मुझे लगता है, यह सही समय है जब मैं और टीम, दोनों एक नई दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। आने वाले टी20 विश्व कप के लिए यह टीम के लिए भी स्पष्टता लाएगा।' उन्होंने आगे कहा कि अब वे इस फॉर्मेट में नए खिलाड़ियों को मौका देने के पक्ष में हैं। विलियमसन ने कहा, 'हमारे पास बहुत सारा टी20 टैलेंट है। आने वाला समय इन खिलाड़ियों को तैयार करने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने के लिए महत्वपूर्ण होगा।' विलियमसन भले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन वह दुनियाभर की टी20 लीगों में खेलना जारी रखेंगे।

# शेफाली की दमदार वापसी : प्रतिका के चोटिल होने पर रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में आईं

**मुंबई।** कभी भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे चमकदार स्टार कही जाने वाली शेफाली वर्मा को एक वक्त ऐसा भी देखना पड़ा जब वे वनडे टीम से बाहर हो गईं। करीब एक साल से ज्यादा वक्त तक वे भारत की वनडे टीम का हिस्सा नहीं थीं। न चयनकताओं की चर्चा में नाम था, न ही वर्ल्ड कप 2025 की संभावित टीम में उनका जिक्र। लेकिन क्रिकेट की खूबसूरती ही यही है। यहां कहानी पलटने में सिर्फ एक मौका काफी होता है। फाइनल में शेफाली ने 78 गेंद पर सात चौके और दो छक्कों की मदद से 87 रन की दमदार पारी खेली।

**घरेलू क्रिकेट में जमकर की मेहनत**

शेफाली ने जब टीम से बाहर थीं, तब वे घरेलू क्रिकेट में लगातार मेहनत कर रही थीं। मैदान पर शॉट्स की चमक भले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं दिख रही थी, लेकिन अभ्यास में उनका जुनून वैसा ही था जैसा डेब्यू के वक्त था। उन्हें पता नहीं था कि अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होती है तो भाग्य का दरवाजा उनके लिए फिर खुल जाएगा। उन्होंने खुद को घरेलू क्रिकेट में झोंक दिया। हरियाणा के लिए उन्होंने 2024-25 सीजन में 75.28 की औसत और 152.31 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इसी दौरान उन्होंने अपने खेल में बदलाव लाया। अब वो सिर्फ चौके-छक्कों पर निर्भर नहीं थीं, बल्कि स्ट्राइक रोटेट करना और सीधा खेलने की कला सीख चुकी थीं।

मौका आया अप्रत्याशित रूप से भारतीय ओपनर प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद टीम मैनेजमेंट ने अचानक शेफाली को सेमीफाइनल में मौका दिया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में वह कुछ खास नहीं सकीं, लेकिन उनके शॉट्स में आत्मविश्वास दिखा। हालांकि, फाइनल में शेफाली ने दिखा दिया कि वो अब भी टीम की ह्यएक्स फैक्टरह्न खिलाड़ी हैं। फाइनल में भी उन्होंने अपना पुराना जलवा दिखाते हुए दमदार अर्धशतक जड़ा।

**बॉश ने छोड़ा था आसान सा कैच**

दिलचस्प बात यह है कि फाइनल के दौरान जब वे 56 रन पर थीं, तब दक्षिण अफ्रीका की फील्डर एनेके बॉश ने उनका आसान सा कैच छोड़ दिया। कई लोग इसे सिर्फ किस्मत कहेंगे, लेकिन शेफाली के लिए यह मेहनत का इनाम था। वो मेहनत जो उन्होंने टीम से बाहर रहते हुए की, खुद को निखारने की, और दोबारा चमकने की।



विश्व कप फाइनल में शेफाली ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की और सबका दिल जीत लिया। यह पारी सिर्फ रन नहीं, बल्कि सहनशीलता और वापसी का प्रतीक बन गई है। फाइनल जैसे दबाव वाले मुकाबले में उनका यह प्रदर्शन टीम के मनोबल को नई ऊंचाई दे गया।

# सुंदर आए और चमके... 49 रनों की तूफानी पारी खेलकर भारत को दिलाई जीत



**होबार्ट।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 मैच में भारत को चार विकेट से हराया था जबकि पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। रविवार को होबार्ट में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 186 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 49 रनों की नाबाद पारी खेली।

## 1-1 की बराबरी पर पहुंची सीरीज

**भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1–1 की बराबरी कर ली। रविवार को होबार्ट में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 186 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।**

### भारत की पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 33 रनों की साझेदारी हुई जिसे नाथन एलिस ने तोड़ा। उन्होंने सलामी बल्लेबाज अभिषेक को अपना शिकार बनाया। वह 16 गेंदों में दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद गिल भी एलिस का ही शिकार बन गए और 15 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय टीम इस मुकाबले में तीन बदलावों के साथ उतरी थी। संजू



सैमसन की जगह जितेश शर्मा, हर्षित राणा की जगह अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका मिला। अर्शदीप और सुंदर ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया। सुंदर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 49 रनों की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 23 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के निकले। उनके अलावा जितेश शर्मा भी 22 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव 24, तिलक वर्मा 29 और अक्षर पटेल 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। मेजबानों के लिए नाथन एलिस ने तीन और मार्कस स्टोइनिस ने एक विकेट झटका।

# दो दशक का सफर पूरा, गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य ने कहा फुटबॉल को अलविदा

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य ने शनिवार को पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की, जिससे आई-लीग, आईएसएल और राष्ट्रीय टीम में लगभग दो दशकों तक चले उनके शानदार करियर का अंत हो गया। 35 वर्षीय अरिंदम ने एक भावुक पोस्ट में अपने सफर को याद करते हुए लिखा कि, 'यह सब उनके बचपन के उस सपने से शुरू हुआ था। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के लिए खेलना और बाइचुंग भूटिया का सामना करना।'

**'सभी को दिल से धन्यवाद'**

अपने कोचों, टीम साथियों, प्रशंसकों और परिवार का धन्यवाद करते हुए अरिंदम ने कहा कि उनका शरीर अब उन्हें बता रहा था कि रुकने का समय आ गया है लेकिन मेरा दिल हमेशा उन गोलपोस्ट के अंदर ही रहेगा। उन्होंने लिखा, 'दो दशक बाद मैं उन ट्रॉफियों, संघर्षों और जख्मों को देखता हूं जो सब कुछ बयां कर देते हैं। लेकिन सबसे बढ़कर मैं उन यादों, सीखों, दोस्ती और आभार को देखता हूं जो हमेशा मेरे साथ रहेंगे।'

**कैसा रहा करियर?**

टाटा फुटबॉल अकादमी से प्रशिक्षित अरिंदम ने अपने सीनियर करियर की शुरूआत चर्चिल ब्रदर्स से की थी और मात्र 19 वर्ष की उम्र में ही आई-लीग खिताब जीत लिया था। इसके बाद उन्होंने पुणे सिटी एफसी, बेंगलुरु एफसी, मुंबई सिटी और मोहन बागान के लिए भी खेला। उन्होंने 2019-20 सीजन में आईएसएल खिताब जीता और अगले सत्र में 'गोल्डन ग्लव' पुरस्कार प्राप्त किया।

साल 2021 में उन्होंने ईस्ट बंगाल की कप्तानी की, जो उनके परिवार का भी एक सपना था। अरिंदम ने भारत के लिए पांच अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और राष्ट्रीय टीम के कई शिविरों का हिस्सा रहे। सुब्रतो कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन ने भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया, जहाँ उन्होंने श्रीलंका और म्यांमार के खिलाफ मैच खेले।

# बिहार चुनाव में प्रवासी बनीं गाजियाबाद आईटी सेल की ज़िम्मेदार प्रियंका प्रियदर्शनी

## महिला मोर्चा की राष्ट्रीय टीम ने सौंपी अहम ज़िम्मेदारी, चेरैया में दिखा मोदी के प्रति महिलाओं का उत्साह




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में चेरैया विधानसभा (संख्या 20) से भाजपा प्रत्याशी बाबू प्रसाद गुप्ता के समर्थन में गाजियाबाद आईटी सेल की संयोजक और प्रवासी ज़िम्मेदार प्रियंका प्रियदर्शनी लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटी हैं।

प्रियंका प्रियदर्शनी को यह ज़िम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय टीम की ओर से सौंपी गई है। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्य संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए 'सम्मान और कर्तव्य दोनों का अवसर' है।

पिछले पाँच दिनों से प्रियंका शिकारगंज मंडल और चेरैया मंडल के गांवों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दिए जा रहे 10,000 रुपये की योजना को उजागर किया, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को लेकर महिलाओं में सम्मान और क्रेज देखते ही बनता है। उन्होंने दावा किया कि चेरैया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और जनता एक बार फिर विकास और सुशासन के लिए मतदान को तैयार है।

# खाटू श्याम मित्र मंडल का 21वां वार्षिक उत्सव 7 नवम्बर को



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा गाजियाबाद में प्रेसवार्ता एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी मंडल अपना 21वां वार्षिक उत्सव भव्य रूप से 7 नवम्बर को मनाएगा। कार्यक्रम में महंत नारायण गिरी महाराज और गिरीशनंद महाराज का सान्निध्य रहेगा। भक्ति संध्या में भजन सम्राट नंदू भैया, कन्हैया मित्तल, कोमल शर्मा, अनिल जानी, विशाल शैली और मयूर भजन प्रस्तुत करेंगे।

बाबा श्याम के लिए विशेष पंडाल, फूलों की सजावट, 56 भोग, इत्र वर्षा और प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। प्रेसवार्ता में महंत गीतानंद महाराज ने नंदू के 800 भजनों के संकलन वाली पुस्तक का विमोचन किया। संस्था के अध्यक्ष सौरभ गर्ग ने सभी भक्तों से उत्सव में सम्मिलित होकर बाबा श्याम के आशीर्वाद का लाभ लेने की अपील की।




### लड्डु वाले हलवाई ने दिखाई चतुराई नहीं लिखा फर्म का नाम

लड्डुओं की कहानी खत्म नहीं हो रही है। पुलिस वाले लड्डुओं में फफूंदी भी नहीं निकली और बूंदी की क्वालिटी भी किसी ने घटिया नहीं बताई। अब पता चला है कि लाला जी ने लड्डु सेवा प्रदान नहीं की थी यह पुलिस की अपनी व्यवस्था थी। लेकिन कहावत है कि दूध का जला मट्ठा भी फूंक कर पीता है। निगम वालों की शिकायत के बाद हलवाई ने ट्रैक ही बदल दिया। लड्डु वाले हलवाई ने इस बार नई ट्रिक अपनाई और उसने डिब्बे पर फर्म का नाम ही नहीं लिखवाया। कोई सप्लाई की डेट नहीं कोई डिलीवरी का ब्यौरा नहीं। वैसे वर्दी वालों के लड्डु सर्दी में भी चल जाते और यहां कोई ऐसा नहीं जो डिसीप्लिन को बिगाड़ा। मगर दुकानदार चतुर निकला और उसने नई तकनीक से काम लिया।

### अजी मुझे साईकिल, हाथी और हाथ से ज्यादा इन फूल वालों से खतरा है

सरकार अपनी है और सरकार के बाद भी फूल वाले मौहल्ला लीडर इधर से उधर भागे फिर रहे हैं। उन्हें लगता था कि मौहल्ले में विकास की एक ईंट तो क्या एक रोड़ी भी उनसे पूछ कर लगेगी। मगर यहां तो फाईल पास हो गई और पार्षद को बाद में पता चल रहा है। अपनों के तीर से घायल फ्लावर पार्षद के मन की फायर शब्दों में ढलकर बाहर आई। उसने कहा कि क्षेत्र की जनता मेरे साथ है और यहां मुझे विपक्ष के किसी दावेदार की कोई फिक्र नहीं है। उसने हाथ, हाथी, साईकिल के कई भावी पार्षदों का जिक्र किया और कहा कि ये सब तो जिगरी हैं। फिर उसने फूल वालों के कई नाम गिनाये और उनकी शान में ना छापने वाले शब्दों में कसीदे गाये। फ्लावर पार्षद ने कहा कि मुझे सबसे ज्यादा खतरा इन फूल वालों से है। चुनाव के टाईम पर ये फूल वाले ही वार्ड के विकास में कमिया गिनाते फिरेंगे। लखनऊ से दिल्ली तक मेरे खोट बताते फिरेंगे। विपक्ष वाले ना मेरा टिकट कटवाने जायेंगे और ना उनसे मेरे वोट काटे जायेंगे। मगर भाई साहब ये फूल वाले तो मेरी जड़ों में मट्ठा डालेंगे और पूरा जोर लगा देंगे, मेरा टिकट कटवाने के लिए। इनमें से कई तो अभी से तैयार हो रहे हैं निर्दलीय तौर पर लड़ जाने के लिए।

### पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन ने क्यों नहीं ली गोली वाले मामले में कोई टेंशन

जिंदगी का सीधा सा फंडा है कि तुम हमारे साथ एक कदम चलोगे तो हम तुम्हारे साथ दो नहीं 100 कदम चलेंगे। फिर भी पार्षद एकता का नारा जितनी जोर से बुलंद होना चाहिए था उतनी जोर से बुलंद हुआ नहीं। पार्षद ने आरोप लगाया कि उनकी कार पर गोली चली है। पार्षद की हिमायत में महानगर अध्यक्ष पहुंचे, विधायक पहुंचे। मगर निगम का कुनबा ही दूरी बना गया। मेयर ने कोई बहुत ज्यादा इंटरेस्ट नहीं लिया और वो पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन भी दूर ही रही जो टैक्स वाले मामले में बस में बैठकर लखनऊ का टूर करके आई थी। एसोसिएशन ने कोई टेंशन नही ली और अंदर से जो बात निकल कर आई वो ये थी कि जब हम धरने पर बैठे थे तो उन्हें भी आना चाहिए था। हमारे सुर में सुर उन्हें भी मिलाना चाहिए था। निगम के पार्षद वाले मामले में पार्षद एकता का नारा ही नहीं लगा। आफ्टर ऑल पार्षद भाजपा कार्यकर्ता है और भाजपा कार्यकर्ता की लड़ाई में निगम वालों का ही कोई सहारा उन्हें नहीं लगा।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 14 नवम्बर को मुरादनगर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्वतंत्र भारत के शिल्पकार और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर महानगर गाजियाबाद व मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया जा रहा है। इस क्रम में 14 नवम्बर 2025 को विधायक अजीत पाल त्यागी के नेतृत्व में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन होगा।

कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को मुरादनगर शहर मंडल में विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि गोपाल अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की एकता और अखंडता को सशक्त आधार दिया, और देश की 562 रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत की नींव रखी। मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल ने बताया कि यह वर्ष विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह सरदार पटेल की 150वीं जयंती है। 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, विद्यालयों के छात्र और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन हमें एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण की प्रेरणा देता है। बैठक में शहर के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, सभासद, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी और बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने नीति खंड 3 में सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 के पार्षद डॉ अनिल तोमर ने नीति खंड 3 में सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस कॉलोनी में सड़कों की हालत बहुत खराब थी, जिसका समाधान करने के लिए यह कार्य शुरू किया गया है।

डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि जल्द ही ये सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी और कॉलोनी के निवासियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने इस



अवसर पर उपस्थित सभी साथियों और पारिवारिक सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर लीना चौहान तोमर, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परविंदर राव, प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, धीरज कुमार तोमर, राजपूत विकास सूर्यन, मानवेंद्र चौहान, वीके वर्मा, पवन शर्मा, प्रदीप चौहान, अशोक शर्मा, अधिकारी, गोपी चंद, राजीव रंजन, रवि, विनीत त्यागी, संजीव चौहान, राधा, डाल चंद, योगेश, यनके रावत, पाठक, विवेक माथुर, रामप्यारे आदि लोग मौजूद रहे।

## पार्षद शशि खेमका ने सूर्यनगर बी ब्लॉक मुख्य मार्ग पर लगवाई नई लाइटें



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद शशि खेमका ने बताया कि सूर्यनगर बी ब्लॉक मुख्य मार्ग पर 22 नए हेक्सागन पोल और 120 वाट की नई लाइटें शीघ्र ही चालू होंगी। इन लाइटों के लगने से पूरा मार्ग रोशनी से नहाया हुआ प्रतीत होगा, जिससे क्षेत्र के निवासियों को असुविधा नहीं होगी।पार्षद शशि खेमका ने बताया कि इन लाइटों के बाद कुल 42 लाइट 120 वाट की इस मार्ग पर जगमग हो जाएगी, जिससे क्षेत्र के निवासियों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सूर्यनगर बसने के बाद से आज तक, यानी लगभग 40 वर्षों से यह पोल इस मुख्य मार्ग पर नहीं लगे थे, जिसके कारण दिल्ली से प्रवेश करते ही सूर्यनगर में बी 1 से बी18 तक अंधेरा पसरा रहता था। अभी लाइट लगने से रोशन रहेगा पूरा वार्ड।




## रहें अलर्ट जल्द जारी होगी टू-स्टारों की लिस्ट

पुलिस महकमे में मौसम के बदलते ही वर्दी बदलने का आदेश आया है। तो इस आदेश के बाद अब प्रदेश से लेकर कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बदलाव वाले आदेश की चर्चा सुनाई दे रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नवंबर माह की शुरूआत हो चुकी है, तो नवंबर में तबादलों के सिलसिले शुरू होने के कयास लगाया जा रहे हैं। जहां लखनऊ वाली लिस्ट का कुछ आईपीएस और पीपीएस अधिकारी बेसबरी से वेट कर रहे हैं। तो वहीं थाना प्रभारियों के स्तर पर भी बदलाव की सूचनाओं महकमे में जमकर सुनाई दे रही हैं। लोकल वाले सूत्रों में कोई बता रहा है की तारीख 5 हो सकती है, तो कोई बता रहा है की लिस्ट पर मंथन हो चुका है। वहीं सुनने में आ रहा है कि रात वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद से कुछ लोग टारगेट पर भी आ सकते हैं, ऐसी जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि सिटी से लेकर नदियापार वालों को तसल्ली से तमाम बातें समझायी गई हैं। वहीं जिस तरीके से बीते दिनों नदिया पार के एक मजबूत माने जाने वाले प्रभारी थ्री-स्टार के वेट वाले मामला की चर्चा शुरू हुई है, उसके बाद से कोई अपडेट आउट नहीं हो रही




है। तो वहीं के वीडियो और विवाद वाला कांड भी कम हॉट टॉपिक नहीं है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लंबे समय से एक ही जोन में जमे दर्जनों दरोगाओं के लिए भी सूचना भी इसी माह सुनाई दे सकती है। पुलिस सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि एक जोन में दो साल से ज्यादा का समय बिता चुके टू-स्टारों के लिए जल्द ही बदलाव वाली लिस्ट आ सकती है। इन सबके बीच लोकल वाले सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के दो मुख्य जोन में भी जल्द ही चौकी प्रभारियो के स्तर पर बदलाव वाला आदेश आ सकता है। इसके लिए मंथन चल रहा है। वहीं सिटी और नदिया पार के कुछ प्रमुख चौकी वाले टू-स्टार इस लिस्ट में सवार हो सकते हैं। तो वही महिला फेस भी रेस में नजर आ सकती हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नवंबर के महीने में जहां आईपीएस अधिकारियों के तबादले का वेट है। तो वही थाना प्रभारियों की अदला-बदली के साथ ही चौकी पर क्या सीन बनता है, यह देखा जाना भी बेहद महत्वपूर्ण होगा। चर्चा इस बात की भी है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एक आईपीएस कहीं भेजे जा सकते हैं।

# मोहननगर में सरदार पटेल जयंती पर समारोह : एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने पटेल धर्मशाला निर्माण की घोषणा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रविवार को मोहननगर स्थित पटेल उद्यान में सरदार पटेल सेवा संस्थान की ओर से भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान शामिल हुए।

मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरदार पटेल सेवा संस्थान को आवंटित भूमि पर ह्यपटेल धर्मशालाद्ध का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक सुलभ स्थल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने इस दिशा में संस्थान और स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील की। मंत्री ने कहा कि आज का भारत, सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदृष्टि और अदम्य साहस का परिणाम है, जिन्होंने 562 देशी रियासतों को जोड़कर एक भारत का निर्माण किया। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को सिर्फ रोजगार पाने की नहीं, बल्कि रोजगार देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र वर्मा और हरिश्चंद्र पटेल मौजूद रहे, जिन्होंने मंत्री के प्रयासों की सराहना की और पटेल धर्मशाला निर्माण के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। संस्थान के अध्यक्ष रमापति चौधरी, महासचिव बृजभान सिंह, उपाध्यक्ष संतोष उमराव, राजकुमार पटेल, सेवानिवृत्त आईएएस कल्याण सिंह, हरीश चंद्र पटेल, जनार्दन चौधरी, कमलेश पाटील, एनके चौधरी, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, हरीश सचान, राजकुमार वर्मा, अजय पटेल, सुभाष वर्मा नंदलाल पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# वार्ड 36 में पार्षद प्रतिमा शर्मा ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 36 की पार्षद प्रतिमा शर्मा ने सेक्टर 18 की जेकेजी सोसाइटी व एलाइड स्टेट सोसाइटी के मध्य तारकोल से सड़क निर्माण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिमा शर्मा ने कहा कि वार्ड 36 के निवासियों के लिए अब उन्हें बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। पार्षद प्रतिमा शर्मा ने कहा कि वे वार्ड 36 के विकास के लिए निरंतर काम कर रही हैं और आगे भी करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का यह कार्य जल्द ही पूरा होगा और निवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर दोनों सोसाइटी के अध्यक्ष और महासचिव सहित सम्मानित निवासियों ने पार्षद का स्वागत सम्मान किया। निवासियों ने सड़क निर्माण के कार्य से बहुत खुशी जताई और पार्षद जी एवं निगम के इस कार्य की सराहना करते हुए प्रसंसा की। उन्होंने पार्षद प्रतिमा शर्मा को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर ओमपाल जैन, सुनील पवार, महेश चंद्र, विनोद मथुरा, अनुपम अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, विवेक चौधरी, अंकुर, दीपाली, पूजा, स्वाति, महेश चंद शर्मा, पवन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## कमाई का झांसा देकर महिला से ढाई लाख ठगे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साइबर अपराधियों ने घर बैठे कमाई का झांसा देकर राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में रहने वाली महिला से ढाई लाख रुपये ठग लिए। केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी में रहने वाली एकता कौशिक का कहना है कि 29 और 30 जुलाई 2025 को उन्हें टेलीग्राम पर एक अज्ञात व्यक्ति का संदेश मिला। इसमें कहा गया कि यूट्यूब वीडियो लाइक करने, चैनल सब्सक्राइब करने और वेबसाइट पर क्लिक जैसे आसान ऑनलाइन टास्क पूरे करने पर उन्हें भुगतान किया जाएगा। एकता कौशिक के मुताबिक शुरूआत में ऑनलाइन कार्य कराकर उन्हें 1300 रुपये का भुगतान किया गया। पीड़िता का कहना है कि जालसाजों के कहने पर उन्होंने कुल 2.40 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए।

# तुलसी शालिग्राम विवाह शिप्रा रिवेयरा मंदिर में घूमघाम से मनाया गया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शिप्रा रिवेयरा मंदिर में तुलसी शालिग्राम विवाह का भव्य आयोजन किया गया। सुबह प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसके बाद हल्दी मेहंदी कार्यक्रम मातृशक्ति द्वारा सोहर गीत नृत्य-संगीत के साथ मनाया गया।

शाम 6 बजे से शालिग्राम तुलसी विवाह वैदिक सनातनी मंत्रों द्वारा संपन्न हुआ। कन्यादान तुलसी पक्ष से उपेन्द्र श्रोतिया एवं गीतिका श्रोतिया परिवार ने किया, जबकि शालिग्राम पक्ष से हेमंत कुमार वाजपेयी, विनिता वाजपेयी, रिचा शर्मा, श्वेता मोगा, नेहा शर्मा, सीमा यादव, अंजना यादव, लता काण्डपाल, अनुराधा आदि महिलाए उपस्थित रही।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुप्रसिद्ध चिकित्सक, समाजसेवी और विचारक डॉक्टर बृजपाल त्यागी ने अपने जन्मदिन को सरल, सादगी और पारिवारिक माहौल में मनाया। उन्होंने अपनी पौत्री वृंदा के साथ जन्मदिन का केक काटा। डॉक्टर बृजपाल त्यागी ने रिश्तो के स्नेह ,अपनत्व और लाड प्यार से भरी इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मेक्सिको सुपरमार्केट में धमाके के बाद लगी आग कम से कम 23 लोगों की मौत, 11 अन्य घायल

● फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है जिससे लगे कि आग जानबूझकर लगाई गई थी, हालांकि किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता

**मेक्सिको के सोनारा राज्य की राजधानी हर्मोसिल्लो में एक स्टोर में आग और विस्फोट की घटना में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। दर्जनभर लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हादसा गैस के रिसाव से हुआ हो सकता है।**



**मेक्सिको।** मेक्सिको के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोनारा की राजधानी हर्मोसिल्लो में एक स्टोर में भीषण आग और विस्फोट की घटना हुई, जिसमें कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा शहर के डाउनटाउन इलाके में स्थित वाल्डोज स्टोर में हुआ। सोनारा के गवर्नर अल्फोंसो दुराजो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए एक वीडियो में इस घटना की पुष्टि की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

## घायलों का इलाज जारी

राज्य के अटॉर्नी जनरल गुस्तावो सालास चावेज ने बताया कि शुरूआती जांच से पता चला है कि मौतें विषाक्त गैसों के सांस द्वारा सेवन के कारण हुई हैं। उन्होंने कहा फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है जिससे लगे कि आग जानबूझकर लगाई गई थी, हालांकि किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना के बाद 12 घायलों को हर्मोसिल्लो के छह अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने जताया शोक

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक्सपर पोस्ट कर कहा मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस भयावह हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है। सरकार की राहत टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं।

## आग लगने के सटीक कारणों की जांच होगी

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टोर पूरी तरह आग की लपटों में घिरा हुआ था। एक वीडियो में एक झुलसे व्यक्ति को स्टोर के बाहर गिरते हुए देखा गया, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

स्थानीय प्रशासन ने बताया कि दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

# अमेरिका का कैरेबियन सागर में फिर किया हमला, तीन कथित ड्रग तस्कर ढेर

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिकी सेना ने कैरेबियन सागर में एक सैन्य हमला किया, जिसमें तीन कथित ड्रग तस्कर मारे गए। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि यह हमला एक आतंकवादी संगठन से जुड़ी नाव पर किया गया।

अमेरिकी सेना ने कैरेबियन सागर में एक और सैन्य हमला किया है, जिसमें तीन कथित ड्रग तस्कर मारे गए हैं। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इस कार्रवाई की जानकारी दी। हेगसेथ ने बताया कि यह नाव एक ऐसे संगठन से जुड़ी थी जिसे अमेरिका ने पहले ही आतंकवादी घोषित किया हुआ है, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि किस समूह को निशाना बनाया गया। यह सितंबर की शुरूआत से अब तक अमेरिकी सेना का 15वां हवाई हमला है, जो कैरेबियन सागर या पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में ड्रग तस्करों पर किया गया है।

## अब तक 64 लोगों की मौत

उन्होंने अपने बयान में कहा यह नाव हमारी खुफिया जानकारी के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थी और एक ऐसे मार्ग से गुजर रही थी, जो ड्रग तस्करी के लिए कुख्यात है। इस पर बड़ी मात्रा में नशीले



पदार्थ मौजूद थे। अब तक इन अभियानों में कम से कम 64 लोगों की मौत हो चुकी है।

## 'ड्रग्स की आपूर्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को जायज ठहराते हुए कहा है कि यह कदम अमेरिका में ड्रग्स की आपूर्ति रोकने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब ड्रग कार्टेल्स के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष में है- ठीक उसी कानूनी अधिकार के तहत, जो 9/11 के बाद आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के लिए इस्तेमाल किया गया था। इन हमलों के बीच ट्रंप प्रशासन ने क्षेत्र में युद्धपोतों की संख्या बढ़ा दी है, जिससे यह अभियान और भी तीव्र हो गया है।

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने की हमले की निंदा

इस बीच, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिकी कार्रवाइयों की निंदा करते हुए कहा है कि यह सैन्य अभियान उनके शासन को अस्थिर करने का एक छिपा हुआ प्रयास है। हालांकि, अब तक ट्रंप प्रशासन यह साबित नहीं कर पाया है कि जिन नावों को निशाना बनाया गया, वे वास्तव में ड्रग कार्टेल से जुड़ी थीं या मारे गए लोगों की पहचान क्या थी।

## अमेरिकी राजनीति में विवाद

ट्रंप प्रशासन के इस अभियान को लेकर अमेरिका के भीतर भी विरोध बढ़ा है। डेमोक्रेटिक सांसदों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति ट्रंप बिना कांग्रेस की मंजूरी के सैन्य कार्रवाई कर रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

सीनेट की सशस्त्र बल समिति के सदस्य रिचर्ड ब्लूमेंथल ने कहा कि इस तरह से सैन्य क्षेत्र का विस्तार करना लापरवाही है। यह अमेरिकी सेना का राजनीतिक इस्तेमाल है। हालांकि, ट्रंप ने साफ कहा कि हम युद्ध की घोषणा नहीं कर रहे।

# भारत के सैन्य अभ्यास से डरा पाकिस्तान इस्लामाबाद ने जारी किया नौसैनिक अलर्ट

## पहले जारी किया था दो दिन का नोटम



**इस्लामाबाद।** भारत द्वारा सर क्रीक क्षेत्र में शुरू किए गए तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच पाकिस्तान ने नौसैनिक चेतावनी जारी की है। इस कदम से दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा पर तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। त्रिशूल अभ्यास शुरू होते ही पाकिस्तान में खलबली मच गई है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान का यह कदम भारत के थल, जल और वायु सेना के संयुक्त अभ्यास के तुरंत बाद आया है।

**इस्लामाबाद ने जारी किया नौसैनिक अलर्ट**

पाकिस्तान नौसेना ने अपने समुद्री क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। यह चेतावनी ऐसे समय पर आई है जब भारत की सेनाएं सर क्रीक के पास युद्धाभ्यास कर रही हैं, जो भारत और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक रूप से संवेदनशील इलाका माना जाता है।

इससे पहले पाकिस्तान ने नोटम जारी करते हुए 28 से 29 अक्तूबर तक अपने दक्षिणी और मध्य हवाई मार्गों को अस्थायी रूप से सीमित कर दिया था।

# ओडेसा में रूस के ड्रोन हमले से दो लोगों की मौत



**ओडेसा।** यूक्रेन के दक्षिण-पश्चिमी ओडेसा क्षेत्र में रविवार तड़के रूस के ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह हमला काला सागर तट पर स्थित एक कार पार्किंग इलाके में हुआ। ओडेसा के गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि ड्रोन हमले से इलाके में भारी नुकसान हुआ है। वहीं, रूस ने जापोरिज्जिया क्षेत्र में भी रातभर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिससे लगभग 60 हजार लोग बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं।

# हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में धमाका, जांच में पता चला जानबूझकर किया गया विस्फोट; संदिग्ध फरार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के प्रसिद्ध हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में शनिवार तड़के हुए धमाके ने प्रशासन और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया। शुरूआती जांच में यह सामने आया है कि यह विस्फोट जानबूझकर किया गया था। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। स्थानीय पुलिस और फायर डिपार्टमेंट ने मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी है।

बोस्टन पुलिस के मुताबिक, यह घटना तड़के सुबह गोल्डेनसन बिल्डिंग में हुई, जहां अचानक आग लगने का अलार्म बज उठा। अलर्ट मिलने के बाद एक विश्वविद्यालय



पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, तभी दो संदिग्ध व्यक्ति इमारत से भागते हुए देखे गए। अधिकारी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। इसके तुरंत बाद इमारत के अंदर जांच में विस्फोट के साक्ष्य मिले।

**जांच में मिले ये सुराग**

बोस्टन फायर डिपार्टमेंट ने प्रारंभिक जांच के बाद पुष्टि की कि यह विस्फोट इंटेंशनल यानी जानबूझकर किया गया था। अधिकारियों ने पूरी इमारत की सर्चिंग की, लेकिन कोई अतिरिक्त विस्फोटक डिवाइस नहीं मिला। फायर विभाग और विश्वविद्यालय पुलिस ने कहा कि उन्होंने इलाके को सुरक्षित कर लिया है और किसी अन्य खतरे की आशंका नहीं है।

**संदिग्धों की तलाश जारी**

पुलिस ने घटना के बाद दो संदिग्धों की धुंधली तस्वीरें जारी की हैं, जिनमें दोनों ने चेहरा ढका हुआ है और हूडी जैकेट पहनी हुई है। जांच एजेंसियां आसपास के सीसीटीवी फुटेज और इलाके के अन्य कैमरों की भी जांच कर रही हैं ताकि संदिग्धों की गतिविधियों का पता लगाया जा सके।

**सुरक्षा एजेंसियां सतर्क**

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि सभी छात्रों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित कर दी गई है। फिलहाल कैंपस के कुछ हिस्सों को एहतियातन बंद किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि एफबीआई और बोस्टन पुलिस की बम स्क्वाड टीम इस मामले की संयुक्त जांच कर रही है।

# लंदन जा रही ट्रेन में चाकूबाजी से मची चीख-पुकार; चश्मदीदों ने सुनाई आपबीती

**लंदन।** ब्रिटेन में शनिवार शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। लंदन जा रही एक ट्रेन में एक व्यक्ति ने यात्रियों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे अफरातफरी मच गई। इस हमले में 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से नौ की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक चश्मदीद के मुताबिक, ट्रेन में लोग डर के मारे भागते हुए नजर आए और कई यात्री अपनी जान बचाने के लिए बोगियों से बाहर निकलने की कोशिश करते दिखे।

यात्री ने आगे बताया कि एक व्यक्ति बड़े चाकू से लैस होकर ट्रेन की बोगियों में इधर-उधर घूम रहा था और अचानक यात्रियों पर हमला करने लगा। स्काई न्यूज से बात करते हुए एक यात्री ने कहा कि उसने एक आदमी को खून से लथपथ हालत में देखा जो चिल्ला रहा था 'भागो, उनके पास चाकू है, मुझे चाकू मारा गया है।' वह व्यक्ति कुछ देर बाद वहीं गिर पड़ा और तुरंत उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।



एक अन्य यात्री ने बताया कि लोग ट्रेन में भाग रहे थे, किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर हो क्या रहा है?

ट्रेन में फैली दहशत

इस हमले के दौरान ट्रेन में मौजूद व्रेन चैंबर्स ने बताया कि जैसे ही उन्होंने एक घायल यात्री को चाकू लेकर भागते देखा, वे भी अन्य यात्रियों के साथ ट्रेन के आगे की ओर भागे। उन्होंने कहा कि हम बेहद डरे हुए थे, यह सब किसी फिल्म के डरावने दृश्य जैसा था। जब ट्रेन हंटिंगडन (कैम्ब्रिजशायर) में आपातकालीन रूप से रोकी गई, तब सशस्त्र पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। एक गवाह के अनुसार, पुलिस ने प्लेटफॉर्म पर एक व्यक्ति को निशाने पर लिया जिसके हाथ में बड़ा चाकू था। कुछ ही देर में संदिग्ध को टेसर गन से काबू कर लिया गया।

खून से सनी बोगियां

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन के डिब्बों में हर जगह खून बिखरा हुआ था। कई यात्री खुद को शौचालयों में बंद कर चुके थे ताकि हमलावर से बच सकें। द टाइम्स को दिए बयान में एक यात्री ने बताया कि भगदड़ में लोग एक-दूसरे पर गिर रहे थे, कुछ तो कुचल भी गए। ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस ने पुष्टि की कि दस लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें नौ की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने बताया कि काउंटर टेररिज्म यूनिट भी जांच में सहयोग कर रही है, हालांकि हमले के पीछे की मंशा अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

पीएम ने घटना पर क्या कहा?

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस घटना को भयावह और बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने आपात सेवाओं की तत्परता की सराहना की

# रूस ने लॉन्च की खाबरोवस्क पनडुब्बी

## पोसाइडन ड्रोन से है लैस, तटीय शहरों को एक झटके में कर सकती है खाक

**मॉस्को।** रूस ने एक और शक्तिशाली हथियार के रूप में अपनी नई परमाणु पनडुब्बी 'खाबरोवस्क' लॉन्च की है। यह पनडुब्बी पोसाइडन नामक परमाणु ड्रोन से लैस होगी, जिसे 'डूम्सडे मिसाइल' भी कहा जाता है क्योंकि यह तटीय देशों को पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखती है।

इस ऐतिहासिक लॉन्चिंग समारोह में रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसव और नौसेना प्रमुख एडमिरल अलेक्जेंडर मोइसयेव मौजूद थे। सेवरोडविंस्क के सेवमाश शिपयार्ड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बेलोउसव ने कहा आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है भारी परमाणु-संचालित मिसाइल क्रूजर 'खाबरोवस्क' लॉन्च किया जा रहा है। सेवमाश शिपयार्ड वही स्थान है जहां भारत के क्ठर विक्रमादित्य एयरक्राफ्ट कैरियर का भी निर्माण और पुनर्निर्माण किया गया था।

अत्याधुनिक अंडरवॉटर हथियारों से लैस

रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार,

**रूस ने खाबरोवस्क नामक नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की है, जो डूम्सडे ड्रोन पोसाइडन से लैस होगी। यह पनडुब्बी रूस की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और वैश्विक जलक्षेत्र में उसकी रणनीतिक शक्ति बढ़ाएगी।**



यह पनडुब्बी अत्याधुनिक अंडरवॉटर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम्स से लैस है, जो रूस की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और वैश्विक जलक्षेत्रों में उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रूसी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खाबरोवस्क' का डिजाइन रूबिन डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और यह आधुनिक नौसेना अभियानों के लिए विकसित की गई है।

**'पोसाइडन ड्रोन' क्या है?**

यह एक परमाणु-संचालित अंडरवॉटर ड्रोन है, जो अत्यधिक गहराई और लंबी दूरी तक जा सकता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में घोषणा की थी कि पोसाइडन का सफल परीक्षण किया गया है। इस ड्रोन में लगाया गया न्यूक्लियर पावर प्लांट पारंपरिक सबमरीन रिएक्टर से 100 गुना छोटा है।

**पोसाइडन ड्रोन पूरे तटीय देशों को खत्म करने में सक्षम**

रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने इस हथियार को डूम्सडे मिसाइल करार दिया, जबकि रूसी संसद की रक्षा समिति के प्रमुख अंद्रेई कातापोलोव ने कहा कि यह ड्रोन पूरे तटीय देशों को खत्म करने में सक्षम है। विशेषज्ञों का कहना है, इस लॉन्च के साथ रूस ने संकेत दिया है कि वह भविष्य की अंडरवॉटर युद्ध तकनीक में दुनिया से कई कदम आगे बढ़ चुका है।

# नेपाल के स्टार्टअप उद्यमियों को भारत से मिलेगा सहयोग



**काठमांडू।** नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने भारत के जीवंत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्रों को जोड़ने के लिए नए सीमा-पार स्टार्टअप प्लेटफॉर्म (इन-स्पान) के लिए अर्जियां मंगाई हैं। परिवर्तनकारी विचारों वाले नेपाली उद्यमियों से आईआईटी मद्रास में आठ-सप्ताह के पूर्ण वित्त पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ये आवेदन मांगे गए हैं।

यह पहल सफल आवेदकों को सीमापार कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका देगी। आवेदन 1-15 नवंबर तक होंगे। इस पहल में भारत-नेपाल के स्टार्टअप्स को आपस में जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन-स्पाम कार्यक्रम आईआईटी मद्रास प्रवर्तक के सहयोग से संचालित किया जाता है।

भारतीय दूतावास ने बताया, आईआईटी मद्रास में भाग लेने वाले उद्यमियों को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, प्रायोगिक सीखने का अनुभव, और इंटर्नशिप के मौके देगा।

# रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे कनाडा और फिलीपींस

**मनीला।** कनाडा और फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता का सामना करने के लिए एक अहम रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगे और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करेंगे। यह कदम फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर के उस प्रयास का हिस्सा है, जिसमें वह चीन की सेना से निपटने के लिए अन्य देशों के साथ रक्षा संबंध बढ़ा रहे हैं।

कनाडा और फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता के कड़े आलोचक रहे हैं। अब दोनों देश रविवार को एक अहम रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश संयुक्त युद्ध अभ्यास करेंगे और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगे, ताकि किसी भी आक्रामकता को रोका जा सके।



फिलीपींस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहे हैं, ताकि कानून का शासन मजबूत हो और व्यापार व निवेश के नए अवसर बढ़ें। यह कदम फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के उस प्रयास से मेल खाता है, जिसके तहत वह अपने देश की सैन्य ताकत को मजबूत करने के लिए अन्य देशों से रक्षा संबंध बढ़ाना चाहते हैं। दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस का सामना चीन जैसी ताकतवर सेना से है।

चीन की ओर से इस पर कोई तुरंत

## चीन की आक्रामकता पर लगाएंगे लगाम

प्रतिक्रिया नहीं आई है। चीन ने फिलीपींस पर आरोप लगाया है कि वह संयुक्त गश्त और युद्ध अभ्यास के जरिए अमेरिका और अन्य देशों के साथ मिलकर 'क्षेत्रीय स्थिरता को बिगाड़ने' का काम कर रहा है।

चीन दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि 2016 में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत ने इसे अवैध करार दिया था। यह फैसला 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून पर आधारित था, लेकिन चीन ने इस फैसले को खारिज कर दिया। चीन ने विवादित क्षेत्रों में फिलीपींस की तटरक्षक नौकाओं और मछुआरों की नावों पर पानी की तोपों से हमला किया है और खतरनाक तरीके से उनके रास्ते में रुकावटें डाली हैं। इन घटनाओं के कारण कई बार जहाजों की टक्करें हुई हैं और फिलीपींस के कई अधिकारियों को चोटें भी आई हैं। वियतनाम, मलयेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी लंबे समय से इस क्षेत्रीय विवाद में शामिल हैं। रविवार को फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिलबर्टो टियोडोरो जूनियर अपने कनाडाई समकक्ष डेविड मैकगिंटी के साथ मनीला में बैठक के बाद 'स्टेटस ऑफ विजिटिंग फोर्सेज एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर करेंगे। फिलीपींस के रक्षा विभाग ने बताया कि यह समझौता अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करेगा और 'शक्तिशाली देशों के स्वार्थी हितों के लिए नियमों को तोड़-मरोड़ने के प्रयासों' का विरोध करेगा।

# ट्रंप ने नाइजीरिया को दी सैन्य कार्रवाई की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया को चेतावनी दी है कि अगर देश में ईसाइयों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने में सरकार नाकाम रही, तो अमेरिका न केवल नाइजीरिया को दी जाने वाली सारी सहायता बंद करेगा, बल्कि सैन्य कार्रवाई भी कर सकता है। शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर नाइजीरियाई सरकार ईसाइयों की हत्याओं को जारी रहने देती है, तो अमेरिका तुरंत सभी सहायता रोक देगा और जरूरत पड़ी तो ह्यअब बदनाम हो चुकेह्व उस देश में हथियारों के साथ उतरकर इस्लामी आतंकियों को पूरी तरह खत्म कर देगा जो इन भयानक अत्याचारों को अंजाम दे रहे हैं।'

उन्होंने आगे लिखा, 'मैं रक्षा विभाग को आदेश दे रहा हूँ कि वे संभावित कार्रवाई की तैयारी करें।'

# सावधान कहीं शादी का निमंत्रण कार्ड ना कर दे आपका खाता खाली

## एपीके फाइल डाउनलोड होते ही ठगी का शिकार हो रहे हैं लोग

### - साइबर ठगों ने अब कईयों को बनाया शिकार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देव उठानी एकादशी बीत गई है और अब शादी ब्याह का सीजन भी शुरू हो गया है। ऐसे में साइबर ठगी करने वाले गिरोह एक्टिव हो गए हैं और वह सीधे आपके व्हाट्सएप पर सेंध लगाते हुए एपीके फाइल डाउनलोड करवाते ही सैकंड़ों में हजारों-लाखों का चूना लगा रहे हैं। बीते करीब 15 दिनों में गाजियाबाद और दिल्ली- एनसीआर में इस तरीके के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं। इसके लिए बाकायदा गृह मंत्रालय की ओर से गाइडलाइन भी जारी कर दी गई हैं, तो साइबर ठगी रोकने के लिए गाजियाबाद साइबर टीम भी लोगों को अलर्ट कर रही है। दरअसल एपीके फाइल मोबाइल में डाउनलोड होते ही फोन हैकर के कब्जे में होता है और फिर वह आपके मोबाइल नंबर से अलग-अलग नंबरों पर मैसेज भेज कर ठगी का धंधा शुरू कर देते हैं और मिनट में हजारों लाखों रुपए कमा रहे हैं।

### शादी कार्ड इंस्टाल होते ही मोबाइल पर कब्जा

**करंट क्राइम :** साइबर ठगों के द्वारा एपीके फाइल एक बार इंस्टॉल होने के बाद यह ठग चुपके से एसएमएस, संपर्क सूची, कैमरा और फाइल एक्सेस जैसी संवेदनशील अनुमतियां प्राप्त कर लेता है, इसके बाद यह गुप्त रूप से उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी, बैंकिंग डिटेल्स, ओटीपी और पासवर्ड को एकत्रित करना शुरू कर देता है। साइबर अपराधी इसी चोरी किए गए डेटा का उपयोग करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आमजन की गाढ़ी कमाई खतरे में पड़ रही है।

### पुलिस ने दी ये 5 महत्वपूर्ण सुरक्षा सलाह

**करंट क्राइम :** साइबर क्राइम शाखा ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी संभावित नुकसान से बचने के लिए इन सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन करें। किसी भी ई–निमंत्रण या गिफ्ट लिंक पर क्लिक करने से पहले भेजने वाले की पहचान सुनिश्चित करें। तो मोबाइल सेटिंग्स में इंस्टाल फॉर्म अननोन सोरस विकल्प को तुरंत डिसेबल करें। हमेशा केवल गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर जैसे अधिकृत ऐप स्टोर से ही एप्लिकेशन डाउनलोड करें। अपने मोबाइल में एक विश्वसनीय एंटीवायरस या मोबाइल सिक्योरिटी एप्लिकेशन का उपयोग करें।

### इंदिरापुरम से लेकर नेहरू नगर तक आ चुके हैं मामले

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में साइबर थाना भी है और वहां भी इस तरीके की शिकायतें आ रही हैं। जानकारी के अनुसार इंदिरापुरम में रहने वाली एक कंपनी की एग्जीक्यूटिव को चंडीगढ़ में रहने वाली दोस्त के मोबाइल नंबर से शादी का निमंत्रण आया। उन्होंने जैसे ही वह डाउनलोड किया, तो ठगी की शिकार हो गईं और 48 हजार रूपये बैंक अकाउंट से चले गए। तो वहीं नेहरू नगर में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर की बेटी के साथ भी ठगों ने इसी प्रकार की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग–अलग थानों में प्रत्येक में साइबर क्राइम हेल्प डेस्क है, जहां इस तरीके के मामले सामने आ रहे हैं।

## श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आतंकवादी हमले में आतंकियों से लोहा लेते हुए इंस्पेक्टर ध्रुव लाल यादव शहीद हो गये थे। शहीद ध्रुव लाल यादव की प्रतिमा मोहन नगर पर स्थापित है और हर वर्ष समाजवादी नेता उन्हें उनके शाहदत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। शहीद ध्रुव लाल यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी, सपा नेता रमेश चंद यादव तथा पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा सहित कई लोग पहुंचे। पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने शहीद ध्रुव लाल यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित हुए कहा कि आतंकवाद से लड़ते हुए शहीद हुए ध्रुव लाल यादव को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत ही गजब का था नजारा? जब मंत्री जी के भंडारे में हमने देखे सांसद जी के दीदार? भंडारा अपनी जगह बंट रहा था? दोनों के बीच में हो रही थी इस दौरान बातें जोरदार? तभी अचानक मुराद पूरी करने वाले विधायक त्यागी जी ने किया दोनों को डिस्टर्ब? ये देखकर निकाला सांसद जी ने तर्क? कहा आप क्यों हमें बीच–बीच में टोक रहे हो? क्यों हमको बातचीत करने से रोक रहे हो? चेहरे पर दिख रही थी सभी के स्माईल? डिस्टर्ब नहीं ये थी मजाक वाली फाईल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दिल की तन्हाई को युवा मोर्चा की टीम वाले आवाज बना लेते हैं? जब भी वो देखते हैं हापुड़ वाले युवा महामंत्री अभिषेक शर्मा को गाजियाबाद के कार्यक्रमों के मंच पर? तो सब अपनी जुबान दबा लेते हैं? फिर करते हैं वो बाद में चर्चा? कहते हैं हमें ये अंदाज समझ नहीं आता श्रीमान? हमारे प्रोग्राम के अंगने में क्यों होता है उनका इंतजाम? हमारे डेढ़ा जी के सामने ही वो खा रहे हैं येढ़ा बनके पेड़ा? और हमारा अध्यक्ष खामोश है और कुछ भी नहीं है कह रहा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अर्थला में जब चल रही थी लौह पुरूष के लिए दौड़? तब हमने गजब का देखा मौके पर गठजोड़? एक ही गाड़ी में बैठकर सांसद जी, भगवा योद्धा के साथ करते दिखे काफी देर तक बात? हमें लग रहा था तैयार हो रही है कोई नई बुनियाद? कहने वाले ने कहा वैसे भी भगवा योद्धा का दिल दरिया और मन है समुंदर? वो उनको भी बहुत ज्यादा भाव देते हैं? जिन्होंने उनका नाम नहीं जाने दिया था पैनल के अंदर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब हमें युवजन वाले वनवास झेल रहे जीतू भैया का अंदाज लगने लगा है ठीक? अब वो छींटा–कशी वाली मुहिम छोड़कर काम कर रहे हैं ठीक? अब वो अपनी शक्ति का विपक्ष पर कर रहे हैं इस्तेमाल? काश उन्होंने पहले भी रखा होता इस बात का ख्याल? पार्टी के अंदर लड़ने से नहीं बड़ा होता है नाम? ऊंचाई उसी ने पकड़ी है जिन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा है श्रीमान? ज्यादा दूर जाने की क्या जरूरत है? वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार भाटी का उदाहरण के लिए काफी है बताने को नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है पूरी ताकत से क्रासिंग वाली मैडम राय बिहार चुनाव में दिखा रही हैं अपनी ताकत? गजब का दिख रहा है उनकी सक्रियता का पैगाम? लेकिन सवाल यही उठता है कि क्या मिलेगा उनको इतना करके काम? पहले भी उन्होंने छोड़ा है पार्टी के लिए अपना घर–बार? मगर जितना फोकस मिलना चाहिए था, उतना मिला नहीं है यार? जो भी हो मैडम राय पूरी शिद्दत से निभा तो रही है अपना किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है नदिया पार के असरदार सरदार ने संगठन में आने की अपनी इच्छा त्याग दी है सारी? हम देख रहे हैं भगवा योद्धा के आस–पास वो नहीं खेल रहे हैं अब सक्रियता वाली पारी? शायद हो गया है उनको इस बात का एहसास? भानू भैया ने कर दिया है इस दौड़ में उनका खेल खल्लास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही वर्मा जी ने एक सरकारी कार्यक्रम में मिस्टर चौधरी को उपाध्यक्ष कहकर पुकारा? मगर मौके के कार्यक्रम बोर्ड तो पेश कर रहे थे कुछ और ही नजारा? मौके पर नजर आ रही थी उनकी पूर्व वाले डिप्टी की तस्वीर? कहने वाले ने कहा कार्यक्रम केन्द्र का था? प्रोटोकॉल में डिप्टी लिखा था? बस यहीं से जो बननी थी बन गई नजीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रामलीला वाली जांच में हमारे तक आई है एक बात? साहब ने जो साक्ष्य मांगे थे जनता से? अभी तक कोई साक्ष्य निर्धारित तारीख तक लेकर नहीं पहुंचा है उनके पास? कहने वाले ने कहा लगता है शिकायत करने वाले अब हो चुके हैं इस मामले में साफ्ट? वैसे भी उनको बड़े दिल का नेता कहा जाता है? अगर वो नरम हो जायें तो फिर कम कर देते हैं अपना क्रोध? शायद यही वजह है कि इस पूरे मैटर में नहीं डवलप हुआ है कोई नया शोध?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें हाथ वाले सुशांत भैया का भाता है व्यवहार? राजनीतिक रूप से भी उनका मजबूत है किरदार? मगर जितने होने चाहिए समाजिक कार्यक्रमों में दर्शन? उतने नहीं होते हैं उनके दीदार? ऐसी कहीं पर हो रही थी चर्चा? जिसे हम लाए हैं निकाल कर बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बर्थडे पर तो दिखाई दिया पूर्व वाले सांसद जी ने अपनी राजनीति का दम? भीड़ आज भी वो उतनी लेकर चल रहे हैं जनता की मोहब्बत नहीं हुई है बिल्कुल भी कम? हम देख रहे हैं उन्होंने बिहार वाले इलैक्शन में भी दिखाना शुरू दिया है दम? उनको जिम्मेदारी और मौजूदा वाले गाजियाबाद में क्या वो लहारने वाले हैं इस संदेश से कोई नया परचम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल 6 नवम्बर को करेंगी जनसुनवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल आगामी 6 नवम्बर 2025 (गुरुवार) को प्रातः 11:00 बजे गाजियाबाद स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई के दौरान महिलाएँ अपनी शिकायत या समस्या से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर सीधे माननीय सदस्य से संपर्क कर सकेंगी। डॉ. अग्रवाल द्वारा प्राप्त शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा, अधिकार संरक्षण और सहायता से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित किया जा रहा है।

## गाजियाबाद से निकलेगा नया कांग्रेस टैलेंट?

## पश्चिम यूपी टैलेंट हंट की कमान पवन दीक्षित को



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस के टैलेंट हंट अभियान ने अब पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी दस्तक दे दी है। इसकी बागडोर सौंपी गई है प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पवन दीक्षित को। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उन्हें 'पश्चिम उत्तर प्रदेश टैलेंट हंट' का डेलीगेट नियुक्त किया है। यह कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे उस पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य है संगठन में नई ऊर्जा, नई सोच और प्रभावशाली युवा वक्ताओं को सामने लाना।

टैलेंट हंट के अंतर्गत पश्चिम यूपी के जिलों से चुने जाएंगे वे प्रवक्ता और कार्यकर्ता जो न केवल संगठन की बात दमदार तरीके से रख सकें, बल्कि जनता के मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी राय दे सकें। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के जरिए होगी।

पवन दीक्षित, जो पेशे से अधिवक्ता और लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय हैं, ने कहा कि – मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाऊंगा। संगठन को मजबूत करने और नई प्रतिभाओं को सामने लाने का हरसंभव प्रयास करूंगा।

उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं –डॉ. संजीव शर्मा, सतीश शर्मा, जे.के. गौड़, बिजेंद्र यादव, नसीम खान, जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, युवा कांग्रेस के कपिल यादव और आसिफ इकबाल रंगरेज समेत कई कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। सभी का कहना था कि पवन दीक्षित का अनुभव और संगठनात्मक समझ पश्चिम उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को नया चेहरा और नई दिशा दे सकती है। गाजियाबाद के राजनीतिक गलियारों में अब यह चर्चा है –कांग्रेस के इस टैलेंट हंट से आखिर कौन सा युवा चेहरा निकलेगा जो आने वाले समय में संगठन का चेहरा बनेगा?

## सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू को राष्ट्रीय लोकदल ने सौंपी संगठन की अहम जिम्मेदारी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने उत्तर प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से पाँच पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी हैं। इनमें गाजियाबाद से सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू को चयनित किया गया है। उन्हें पार्टी के संगठनात्मक विस्तार, बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता समन्वय और स्थानीय जनसंपर्क को सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### इंदिरापुरम की सफाई पर नगर निगम और पार्षदों की संयुक्त मुहिम

# बल्क वेस्ट जनरेटर पर अब कड़ी निगरानी

## गीला-सूखा कचरा अलग न करने पर खैर नहीं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह वाली के निर्देश अनुसार नगर निगम अधिकारी समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसंपर्क की तर्ज पर कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र के पार्षदों से संयुक्त चर्चा करते हुए इंदिरापुरम क्षेत्र में महासफाई अभियान चलाने तथा बल्क वेस्ट जनरेटर पर मॉनिटरिंग बढ़ाने की योजना बनाई गई। होटल मॉल कमर्शियल भवन तथा हाई राइज सोसाइटी जिनके द्वारा गीले कचरे का निस्तारण स्वयं करना है उन पर नजर बनाए रखने के लिए पार्षदों द्वारा संयुक्त रूप से विषय रखा गया, इंदिरापुरम के वार्डों में रेहड़ी पटरी को व्यवस्थित करने के लिए अभियान के रूप में कार्य करने के लिए भी योजना बनाई गई जिसमें पार्षदों की उपस्थिति में कार्यवाही होगी निर्णय लिया गया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार समस्याओं के समाधान के लिए जनसंपर्क करते हुए कार्यवाही की जा रही है इंदिरापुरम के पार्षदों से संयुक्त रूप से क्षेत्र की साफ सफाई तथा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही के लिए चर्चा हुई जिनके द्वारा संयुक्त रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली का पालन न करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा गया जिसके क्रम में अभियान के रूप में कार्यवाही की जाएगी। कमर्शियल भवन तथा ऐसी सोसाइटी जिनके द्वारा गीले कचरे के निस्तारण की कार्यवाही स्वयं की जानी है और प्लाट भी लगाना है यदि नहीं की जा रही है तो उन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही की जाएगी। पार्षदों से हुई बैठक में पार्षद हरीश, पार्षद अनिल तोमर, पार्षद अनुज त्यागी, पार्षद धीरज तथा राधेश्याम त्यागी पार्षद, तथा वार्ड 99 से अभिनव जैन उपस्थित रहे।

### आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से भी की सहयोग की अपील

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण को लेकर अभियान के रूप में और अधिक कार्यवाही की जाएगी जिसमें जन सहयोग भी लिया जाएगा इंदिरापुरम क्षेत्र के पार्षदों द्वारा संयुक्त रूप से नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित योजना बनाई गई जिसमें विशेष रूप से बल्क वेस्ट जनरेटर पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से भी सहयोग की अपील की गई है। गीला कचरा तथा सूखा कचरा अलग–अलग करते हुए निगम के अधिकृत वाहनों में डालने के लिए जन–जन को जागरूक करने के लिए मुहिम भी चलाई जाएगी। इंदिरापुरम क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के साथ–साथ जागरूकता के कार्य भी और अधिक कराई जाएंगे इसके लिए पार्षदों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है जो की सराहनीय है।

## शालीमार गार्डन में पार्षद रवि भाटी ने झूलों का किया उद्घाटन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन मैन स्थित गौरी शंकर पार्क में रविवार को पार्षद रवि भाटी ने नारियल फोड़कर और रिबन काटकर नए झूलों का उद्घाटन किया। पार्क में बच्चों, माताओं, बहनों और स्थानीय निवासियों के मनोरंजन हेतु झूले लगवाए गए हैं। इस अवसर पर पार्षद रवि भाटी ने कहा कि अब बच्चे मोबाइल और टीवी पर समय बिताने के बजाय पार्क में झूले झूलकर समय बिताएंगे, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस बेहतर होगी।

उन्होंने इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल, पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी और सभी स्थानीय निवासियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद को उपस्थित नागरिकों का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

## निखिल खत्री बने सपा के यूट्यूब चैनल पैनलिस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद निवासी निखिल खत्री को समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल का पैनलिस्ट नियुक्त किया है। यह घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने की। नियुक्ति पर निखिल खत्री ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने उन पर विश्वास जताकर जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। साथ ही निखिल का कहना मैं पार्टी को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा। समाजवादी पार्टी युवाओं, बेरोजगारों और शिक्षक वर्ग की आवाज को बुलंद करने का काम कर रही है और आज यही सकारात्मक सोच अखिलेश यादव को यूपी से लेकर बिहार तक जननेता के रूप में पहचान दिला रही है।

## प्रेम संबंध की रंजिश में युवक की हत्या

### आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम :** गाजियाबाद में पिछले दो दिनों के दौरान अलग-अलग थानों में दो हत्या की वारदातें सामने आईं। दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ताजा मामला सिहानी गेट थानाक्षेत्र का है। जहां शनिवार देर रात एक युवक ने अपनी प्रेमिका के भाई पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी का मृतक की बहन से प्रेम-प्रसंग था। मृतक इस संबंध का विरोध करता था और इसी को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद हो चुका था। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि सिहानी गेट निवासी पीयूष उर्फ नितिन शनिवार की देर रात बाजार में गया था। पीयूष की नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले सुनील यादव से कहासुनी हो गई।

आरोप है कि सुनील यादव ने चाकू से प्रहार कर पीयूष को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पीयूष को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान पीयूष की देर रात मौत हो गई। सिहानी गेट पुलिस ने हत्या के आरोपी सुनील यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी ने बताया कि सुनील यादव की पीयूष की बहन से दोस्ती है। पूर्व में भी इस बात को लेकर दोनों में कई बार मारपीट और कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में सुनील ने पीयूष की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस शव मेडिकल परीक्षण को भेज दिया है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।